संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक घटती घटना

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 119 शनिवार 01 मार्च 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

महत्वपूर्ण खबर

पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह को बड़ी राहत

हाईकोर्ट ने खत्म किया आपराधिक मुकदमा

लखनऊ,28 फरवरी 2025(ए)। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने उनके खिलाफ चल रहे आपराधिक मुकदमे को समाप्त कर दिया। यह फैसला राज्य सरकार की उस अर्जी पर आया, जिसमें मुकदमा वापस लेने की मांग की गई थी। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की इस अर्जी को मंजूर कर लिया।

सुप्रीम कोर्ट से पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा को राहतः नियमित जमानत मंजूर

नई दिल्ली,28 फरवरी 2025(ए)। सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा को नागरिक आपूर्ति निगम (नान) घोटाले से जुड़े मामले में नियमित जमानत प्रदान की है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की खंडपीठ ने यह निर्णय सुनाया।

5 नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिश

नई दिल्ली,28 फरवरी 2025(ए)। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने कलकत्ता हाईकोर्ट में पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिश की है। इस लिस्ट में स्मिता दास डे, रीतोब्रोतो कुमार मित्रा, मोहम्मद तलय मसूद सिद्दीकी, कृष्णराज ठाकर और ओम नारायण राय शामिल हैं। कोलकाता हाई कोर्ट के लिए कुल स्वीकृत 72 जजों में से वर्तमान में 44 जज हैं और 28 पद खाली हैं।

चार देश भूकंप से थर्राए

नेपाल-तिब्बत,भारत और पाकिस्तान हिले...

नई दिल्ली,28 फरवरी 2025(ए)। भारत समेत चार देशों में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। तीन घंटे के अंदर भारत, नेपाल, तिब्बत और पाकिस्तान के कई इलाकों में भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। भारत में पटना के लोगों को सुबह 2.35 बजे तेज झटके महसूस किए जिसके बाद लोग घरों से बाहर निकल आए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.5 दर्ज की गई।

देश में पहली बार पालतू बिल्लियों में बर्ड फ्लू

प्रशासन ने मटन-चिकन और अंडे की खरीद-बिक्री पर लगाई रोक

नई दिल्ली,28 फरवरी 2025(ए)। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में पालतू बिल्लियों में बर्ड फ्लू का मामला सामने आया है। यह देश में पहली बार है जब पालतू बिल्लियों में बर्ड फ्लू पाया गया है। प्रशासन ने 30 दिनों के लिए मटन, चिकन और अंडों की खरीद-बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही, संक्रमित क्षेत्रों में दुकानों को सील करते हुए आसपास के इलाकों को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया है। नगर निगम के वार्ड संख्या 6, 7, 8, 28, 29, 30, 31, 41 और 45 को संक्रमित क्षेत्र घोषित किया गया है। प्रशासन ने बिल्लियों के संपर्क में आए लोगों को भी एहतियात बरतने की सलाह दी है।

सुप्रीमकोर्ट के जज ने किया हंगामा

सारी फाइलें फेंक देंगे...वकीलों पर अचानक क्यों भड़क गए सुप्रीम कोर्ट के जज...

नई दिल्ली,28 फरवरी 2025(ए)। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस अभय एस ओका वकीलों पर बुरी तरह से भड़क गए। अदालत में सुनवाई के दौरान एक ही समय में कई वकीलों द्वारा दलीलें पेश किए जाने से जस्टिस नाराज हो गए। इससे पहले उन्होंने वकीलों को शांत कराने की कोशिश की। इसके बाद भी स्थिति नहीं बदली। इसके बाद जस्टिस ने अपने गुस्से का इजहार किया। जस्टिस अभय एस ओका ने कहा कि ऐसा नियम बनाया जाना चाहिए कि यदि वकील एक ही समय में दलीलें पेश करते रहें,तो हम फाइलें फेंक देंगे।

रोज-रोज इस तरह की अनुशासनहीनता

जस्टिस ओका ने कहा कि हम हर रोज इस अनुशासनहीनता को देखते हैं... और जब हम वकीलों से पूछते हैं कि वे किसके लिए पेश हो रहे हैं, तो कोई जवाब नहीं मिलता। इस पर एक वरिष्ठ वकील ने अदालत को बताया कि इस मामले में कई ऐसे लोग हैं जो इस मामले को अदालत से बाहर करवाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह बिलकुल सच है। यह उनकी रणनीति का हिस्सा है कि वे इसे खत्म करवा दें। उन्होंने कहा कि जिनके मामले सुनवाई के लिए लिस्टेड हैं, वे अदालत में अपनी दलील नहीं रख पाते हैं। घुसपैठिए तस्वीर में आ जाते हैं।

मैं हाई कोर्ट में भी रह चुका हूं...

वहीं, एक अन्य वकील ने कहा कि इस तरह से घुसपैठिए सफल हो रहे हैं। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार जस्टिस एस ओका ने कहा कि इस तरह की अनुशासनहीनता सिर्फ सुप्रीम कोर्ट में देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि मैं कर्नाटक और बॉम्बे हाई कोर्ट में भी रह चुका हूं, लेकिन वहां इस तरह कभी देखने को नहीं मिला।

एनडीएलएस भगदड़ मामले में सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से मांगे सबूत

नई दिल्ली,28 फरवरी 2025(ए)।
नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी की रात हुई भगदड़ को लेकर सुप्रीम कोर्ट में बड़ा मामला सामने आया है। आनंद लीगल एड फोरम ट्रस्ट ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर दावा किया कि इस हादसे में 200 लोगों की मौत हुई है, जबकि रेलवे प्रशासन के मुताबिक 18 लोगों की जान गई थी। इस पर अदालत ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए साक्ष्य पेश करने का निर्देश दिया और बिना सबूत लगाए गए दावों को खारिज कर दिया।

सीबीआई जांच की मांग पर कोर्ट की प्रतिक्रिया

याचिकाकर्ता ने रेलवे अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग की थी और अदालत से अनुरोध किया कि अस्पतालों व स्टेशन के सभी सीसीटीवी फुटेज संरक्षित किए जाएं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, बिना पुख्ता प्रमाण के ऐसे दावे नहीं किए जा सकते। यदि 200 लोगों की मौत का दावा किया जा रहा है, तो सबूत लाएं। इसके बाद कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा

इस हादसे को लेकर जारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार:-

◆15 लोगों की मौत दम घुटने से हुई।

◆2 लोगों की मौत हेमोरेजिक शॉक (रक्तस्रावजनित आघात) के कारण हुई, जो सीने पर गहरी चोट लगने से होता है।

◆1 व्यक्ति की मौत सिर पर अधिक दबाव पड़ने से हुई।

न्यायालय का निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि इस हादसे से प्रभावित लोगों को कोई शिकायत है, तो वे स्वयं अदालत में अपील कर सकते हैं। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि बिना पर्याप्त प्रमाणों के आरोप लगाना सही नहीं है और याचिका को खारिज कर दिया।

रेलवे प्रशासन पर उठ रहे सवाल

रेलवे प्रशासन के आधिकारिक आंकड़ों पर कई संगठनों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं, लेकिन फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने रेलवे की रिपोर्ट को ही मान्यता दी है और याचिकाकर्ता को पर्याप्त सबूत पेश करने को कहा है।

कोर्ट को दिखा सकते हैं पीएम मोदी की डिग्री,अजनबियों को नहीं

आरटीआई में जानकारी देने से दिल्ली विश्वविद्यालय का इनकार

नई दिल्ली,28 फरवरी 2025(ए)। दिल्ली विश्वविद्यालय ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री से जुड़े अपने रिकॉर्ड अदालत को दिखाने के लिए तैयार है, लेकिन इसे सूचना के अधिकार के तहत सार्वजनिक रूप से उजागर नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता के समक्ष पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने गुरुवार को यह दलील दी, जिसके बाद अदालत ने विश्वविद्यालय की उस याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया जिसमें केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश को चुनौती दी गई थी। इस आदेश में प्रधानमंत्री की स्नातक डिग्री से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक करने को कहा गया था। मेहता ने अदालत में कहा, डीयू को अदालत के समक्ष रिकॉर्ड प्रस्तुत करने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन विश्वविद्यालय के रिकॉर्ड को किसी अजनबी के निरीक्षण के लिए नहीं रखा जा सकता। उन्होंने दलील दी कि सीआईसी का आदेश खारिज किया जाना चाहिए क्योंकि निजता का अधिकार जनता के जानने के अधिकार से ऊपर है।

सूरत के कपड़ा मार्केट में भीषण आग

- » 800 दुकानें कराई गई बंद,पुलिस ने पूरे इलाके को घेरा मौके पर फायर ब्रिगेड मौजूद
- » 24 घंटे में दूसरी बार लगी आग

सूरत,28 फरवरी 2025(ए)। गुजरात के सूरत शहर के शिवशक्ति कपड़ा बाजार में 24 घंटे के भीतर दूसरी बार भीषण आग लग गई है। यह आग इतनी ज्यादा फैली है कि इलाके को पूरी तरह से खाली करा लिया गया है और आसपास की 800 दुकानें बंद कर दी गई हैं। फिलहाल मौके पर दमकल की कई गाड़ियां आग बुझाने के लिए लगी हुई हैं और अधिकारी इसे नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे हैं। पूरे इलाके को पुलिस ने घेर लिया है।

पुलिस ने इलाके को कराया खाली

पुलिस ने इलाके को खाली करवा लिया है ताकि कोई भी व्यक्ति अंदर न रहे और आग के प्रभाव से बच सके। आसपास के इलाकों में ट्रैफिक को भी बंद कर दिया गया है। पुलिस की बड़ी टीम यहां तैनात की गई है, ताकि किसी तरह का और नुकसान न हो। स्थानीय पुलिस अधिकारी, भागीरथ गढ़वी ने बताया कि सभी बचाव टीमें मौके पर हैं और दुकानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस भी तैनात है।

राजगढ़ का सड़क बना किन्नरों का अखाड़ा

- » निर्वस्त्र कर एक दूसरे की जमकर की पिटाई...
- » तमाशबीन बन देखते रहे लोग...

राजगढ़,28 फरवरी 2025 (ए)। मध्य प्रदेश के राजगढ़ में बीच सड़क किन्नरों के बीच जमकर विवाद हुआ। बहस बाजी से शुरू हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। इतना ही नहीं सड़क पर कपड़े उतारकर पिटाई करते हुए थाने तक पहुंचे। विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा।

मामला जिले के सुठालिया में शुक्रवार को हाट बाजार का है। जहां लटेरी क्षेत्र के किन्नर और ब्यावरा क्षेत्र के किन्नर में विवाद हो गया। जिसमें स्थानीय किन्नरों ने सिरोंज से आए किन्नरों को पकड़कर जमकर पिटाई कर दी। इतना ही नहीं कपड़े तक फाड़ दिए। फिर लात घूसों से जमकर मारपीट की।बताया जा रहा है कि, इससे पहले भी ब्यावरा में किन्नरों के बीच विवाद हो चुका है। वहीं इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

तुहिन कांत पांडे होंगे सेबी के नए प्रमुख

माधबी पुरी बुच की लेंगे जगह

नई दिल्ली,28 फरवरी 2025(ए)। केंद्र सरकार ने तुहिन कांत पांडे को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) का अध्यक्ष नियुक्त किया। वह माधबी पुरी बुच का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल शुक्रवार को समाप्त हो गया है।

आखिर रेपिस्ट को क्यों मिल रही इतनी रियायत

आज राम रहीम लौटा जेल

बागपत,28 फरवरी 2025 (ए)। डेरा सच्चा सौदा गुरमीत राम रहीम की पैरोल खत्म हो गई है। आज पैरोल खत्म होने के बाद गुरमीत राम रहीम रोहतक की सुनेरिया जेल वापस लौट गया। राम रहीम को 30 दिन की पैरोल मिली थी। इस दौरान उसने 10 दिन सिरसा आश्रम में बिताया और बाकी के 20 दिन वह बागपत डेरा सच्चा सौदा आश्रम में था।

शुरू हुआ खाटू का लक्खी दरबार

271 घंटे लगातार भक्तों की फरियाद सुनेंगे बाबा श्याम

श्री खाटू श्याम मंदिर

सीकर ,28 फरवरी 2025 (ए)। बाबा श्याम का फाल्गुनी लक्खी मेला शुरू हो गया है। तिलक व पूजन के बाद पहले दिन लखदातार का दरबार शाम पांच बजे खुला। इसके बाद श्याम सरकार एकादशी तक लगातार 271 घंटे भक्तों की फरियाद सुनेंगे। 11 दिवसीय मेले को लेकर मंदिर कमेटी व प्रशासन ने तैयारियां लगभग पूरी कर ली है।

बर्बरीक के शीश दान की सजेगी झांकी

इस बार मंदिर में भगवान शंकर से वरदान में तीन बाण लेते और भगवान श्रीकृष्ण को शीश का दान करते बर्बरीक की विहंगम झांकी आकर्षण का मुख्य केंद्र होगी। मंदिर प्रांगण में गोपियों संग नृत्य करते राधा कृष्ण, फूलों से श्रृंगारित'हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा', 'जयश्री श्याम' व 'राधेश्याम' के स्लोगन तथा सिंहद्वार पर गायत्री मंत्र भी श्याम भक्तों का मन मोहेंगे।

श्रीश्याम मंदिर कमेटी अध्यक्ष पृथ्वीसिंह चौहान, मंत्री मानवेन्द्र सिंह व कोषाध्यक्ष कालूसिंह चौहान ने बताया कि कमेटी ने मेले की तैयारी पूरी कर ली है। मेला मजिस्ट्रेट मोनिका सामोर ने भी श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन का दावा किया है।

13 टीमें,खोजी कुत्ते और ड्रोन के बाद पकड़ा गया बस में महिला से रेप का आरोपी दत्तात्रेय गाडे

पुणे ,28 फरवरी 2025 (ए)। एक सनसनीखेज मामले में, पुणे बस बलात्कार के आरोपी दत्तात्रय गाडे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गाडे पर 26 साल की एक युवती के साथ स्वारगेट बस स्टेशन पर एक बस में बलात्कार करने का आरोप है।

बद्रीनाथ में बड़ा हादसा

माणा गांव के करीब ग्लेशियर टूटा, 57 मजदूर लापता

चमोली,28 फरवरी 2025 (ए)।
उत्तराखंड के चमोली-बद्रीनाथ हाईवे पर शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। माणा गांव के पास ग्लेशियर टूटने से सड़क निर्माण में लगे 57 मजदूर हिमखंड के नीचे दब गए। हादसा बद्रीनाथ मंदिर से करीब तीन किलोमीटर दूर हुआ। बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइजेशन (बीआरओ) के लिए काम कर रहे इन मजदूरों में से 15 को अब तक बचाया जा चुका है, जबकि 42 की तलाश जारी है। बचाए गए कुछ मजदूरों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

संपादकीय

एक पुराने युद्ध की समाप्ति की संभावना

अपनी पॉवर-पॉलिटिक्स के तहत ट्रंप साफ पैगाम दे रहे हैं कि चीजें वो तय करेगा, जिसके पास शक्ति है। इस क्रम में वे शक्तिशाली नेताओं से संपर्क जोड़ रहे हैं। पुतिन को वे वैसा ही नेता समझते हैं।सऊदी अरब में अमेरिका और रूस के विदेश मंत्रियों की हुई बैठक का सार है कि ट्रंप प्रशासन ने यूक्रेन को डंप कर दिया है। वैसे उसने पूरे यूरोप को ही अधर में छोड़ दिया है। ये सब अब अपने जख्मों को खुद ही सहलाने के लिए मजबूर हैं। मार्को रुबियो और सर्गेई लावरोव की बातचीत में अमेरिका और रूस चार सूत्रों पर सहमत हुए। वैसे तो दुनिया का ध्यान यूक्रेन युद्ध संबंधी वार्ता पर था, मगर उससे आगे जाते हुए दोनों देश आपसी संबंध को पुर्नस्थापित करने के कदम उठाने पर भी रजामंद हुए। इसके तहत पहला लक्ष्य कूटनीतिक संबंध की बहाली है। रुबियो ने दो टूक कहा कि युद्ध खत्म हुआ, तो रूस पर से आर्थिक और व्यापारिक प्रतिबंध भी हटाए जाएंगे। बातचीत के कुछ घंटों बाद राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदोमीर जेलेनेंस्की पर गंभीर इल्जाम लगाए। कहा कि इस युद्ध के लिए जेलेन्स्की दोषी हैं और अब वे अपने देश में बेहद अलोकप्रिय हैं। जेलेन्स्की ने एतराज जताया था कि अमेरिका ने बिना यूक्रेन को शामिल किए उनके देश के बारे में सीधे रूस बातचीत शुरू कर दी है। इसी पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्रंप ने कहा कि लड़ाई जेलेन्स्की ने शुरू की और इसे खत्म करने के लिए उनके पास तीन साल का वक्त था। ट्रंप ने अरबों डॉलर की अमेरिकी मदद के उपयोग को लेकर भी संदेह जताया। उधर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पहल पर अमेरिका के अचानक रुख परिवर्तन से आहत यूरोपीय नेताओं की हुई बैठक कोई ठोस कार्य योजना बना पाने में नाकाम रही।असल में, यूरोप का जो ढांचा दूसरे विश्व युद्ध के बाद से मौजूद है, उसमें अमेरिका से अलग हट कर कोई बड़ी योजना बनाना उनके लिए मुमकिन भी नहीं है। उधर अपनी पॉवर- पॉलिटिक्स के तहत ट्रंप साफ पैगाम दे रहे हैं कि चीजें वो तय करेगा, जिसके पास शक्ति है। इस क्रम में वे शक्तिशाली नेताओं से संपर्क जोड़ रहे हैं। व्लादीमीर पुतिन को वे वैसा ही नेता समझते हैं। यह नया दौर है, जिसमें एक पुराने युद्ध की समाप्ति की संभावना ने ठोस रूप ले लिया है।

क्यों क्रूर बदमाशी का रूप ले रही है रैगिंग?

प्रियंका सौरभ
आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)

रैगिंग को अक्सर एक संस्कार के रूप में प्रस्तुत किया जाता है जो नए छात्रों को उच्च शिक्षा संस्थानों में परिसर में जीवन को समायोजित करने में सहायता करता है। हालांकि जूनियर कैंपस के रीति-रिवाजों को सीख सकते हैं और वरिष्ठों के साथ सकारात्मक बातचीत के माध्यम से एक सहायक समुदाय बना सकते हैं, लेकिन जब इसके परिणामस्वरूप उत्पीड़न, अपमान और हिंसा होती है, तो रैगिंग एक बड़ी समस्या बन जाती है। इन घटनाओं में लंबे समय तक चलने वाले आघात का कारण बनने की क्षमता होती है, जो एक स्वागत योग्य और समावेशी परिसर समुदाय को बढ़ावा देने के लक्ष्य को विफल कर देगा। हालाँकि रैगिंग से छात्रों को जुड़ने और एकीकृत होने का मौका मिलना चाहिए, लेकिन यह अक्सर एक हानिकारक उत्पीड़न में बदल जाता है। उत्पीड़न के कारण रैगिंग एक सहायक वातावरण को बढ़ावा देने के बजाय हिंसक व्यवहार से जुड़ा हुआ है, जो दोस्ती के बजाय डर को बढ़ावा देता है। केरल के कोट्टायम नर्सिंग कॉलेज और तिरुवनंतपुरम के करियावट्टम कॉलेज जैसी कई दुखद घटनाओं ने रैगिंग के हानिकारक प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित किया है और परंपरा के रूप में रैगिंग के भयावह पहलू को उजागर किया है।

भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों में कई वर्षों से, रैगिंग एक गंभीर प्रकार की बदमाशी और उत्पीड़न की समस्या रही है, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर मनोवैज्ञानिक आघात, आत्महत्या और यहाँ तक कि हत्या जैसे हिंसक अपराध भी होते हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और 2009 से यूजीसी के एंटी-रैगिंग नियमों के बावजूद घटनाएँ जारी हैं। 2012 और 2023 के बीच रैगिंग के परिणामस्वरूप 78 छात्रों की मृत्यु से प्रवर्तन में विफलता उजागर हुई। भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों में, रैगिंग मुख्य रूप से सामाजिक-सांस्कृतिक कारकों के कारण होती है। भारतीय सामाजिक संरचनाओं द्वारा सुदृढ़ कठोर पदानुक्रम में वरिष्ठ छात्र कनिष्ठों पर अपना प्रभुत्व जताते हैं। यह इंजीनियरिंग कॉलेजों में शक्ति-आधारित सामाजिक व्यवस्था को मज़बूत करता है जब वरिष्ठ जूनियर से अपमानजनक कार्य करवाते हैं। आक्रामकता का महिमामंडन करने वाली अति-पुरुषवादी संस्कृति छात्रों को रैगिंग की परंपराओं का पालन करने के लिए मजबूर करती है। मेडिकल स्कूलों में छात्रों को लचीलापन बनाने के नाम पर धीरज-आधारित असाइनमेंट पूरा करने के लिए मजबूर किया जाता है। कई उच्च शिक्षा संस्थान अत्यधिक हिंसा होने तक हस्तक्षेप को हतोत्साहित करते हैं क्योंकि वे रैगिंग को एक दीक्षा अनुष्ठान के रूप में देखते हैं। जादवपुर विश्वविद्यालय (2023) में रैगिंग को बॉन्डिंग प्रक्रिया के रूप में लिखा गया था, जिसके परिणामस्वरूप एक छात्र की असामयिक मृत्यु हो गई। प्रतिशोध का डर, प्रभावी गवाह सुरक्षा की कमी और सामाजिक कलंक पीड़ितों को रैगिंग की रिपोर्ट करने से अनिच्छुक बनाते हैं। 2009 में, अमन काचरू ने पहले शिकायत दर्ज नहीं की क्योंकि

वह वरिष्ठ प्रतिशोध से डरता था, भले ही उसके साथ बार-बार दुर्व्यवहार किया गया हो। साथियों का दबाव या इसके बारे में संदेह कई छात्रों को रैगिंग की रिपोर्ट करने से रोकता है।

रैगिंग को प्रभावी ढंग से समाप्त करने के लिए सख्त और त्वरित दंड आवश्यक है। संभावित रैगर्स को हतोत्साहित करने के लिए, सुनिश्चित करें कि तत्काल अनुशासनात्मक उपाय किए जाएँ, जैसे निष्कासन, कानूनी मुकदमा और अपराधी को ब्लैकलिस्ट करना। कठोर समाधान समयसीमा और खुली निगरानी के साथ एक निजी ऑनलाइन शिकायत पोर्टल स्थापित करें। पारदर्शी जवाबदेही के साथ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग हेल्पलाइन का एक नया संस्करण आवश्यक है क्योंकि वर्तमान हेल्पलाइन पर्याप्त तेज़ी से प्रतिक्रिया नहीं देती है। अनिवार्य कार्यशालाओं, संवेदनशीलता अभियानों और मेंटरशिप कार्यक्रमों को लागू करके सकारात्मक वरिष्ठ-जूनियर सम्बंधों को प्रोत्साहित करें और दृष्टिकोण बदलें। एम्स दिल्ली रैगिंग के मामलों को कम करता है और नए छात्रों को परामर्श सत्र देकर एक सहायक संस्कृति को बढ़ावा देता है। संभावित मुद्दों को अधिक गंभीर होने से पहले पहचानने के लिए व्यवहार ट्रैकिंग, सरप्राइज चेक और छात्रावासों में सीसीटीवी गाने का उपयोग करें। आईआईटी मद्रास ने बातचीत की निगरानी के लिए सीसीटीवी और छात्र प्रोफ़ाइलिंग का उपयोग करके रैगिंग की घटनाओं की संख्या में उल्लेखनीय कमी की है। एक संगठित मेंटरशिप कार्यक्रम स्थापित करें जहाँ वरिष्ठ नए कर्मचारियों की सकारात्मक तरीके से मदद करने के लिए नेतृत्व प्रमाणपत्र या अकादमिक क्रेडिट प्राप्त कर सकें। वरिष्ठ छात्र बिट्स पिलानी के बडी सिस्टम के माध्यम से जूनियर का मार्गदर्शन करते हैं, जो बदमाशी के बजाय रचनात्मक सम्बंधों को बढ़ावा देता है। नए छात्रों के लिए सुरक्षित और मैत्रीपूर्ण वातावरण की गारंटी देने के लिए व्यवहार सम्बंधी आकलन को उच्च शिक्षा संस्थानों की प्रणालियों में शामिल किया जाना चाहिए। सक्रिय अवलोकन संभावित खतरों के बारे में जानकारी प्रकट कर सकता है। संगठित सलाह कार्यक्रमों का समर्थन उपचार में सहायता कर सकता है।

रैगिंग की समस्या का कोई एकल, सार्वभौमिक रूप से लागू समाधान नहीं है। शैक्षणिक संस्थानों, छात्रों और बड़े पैमाने पर समाज के लिए एक सुरक्षित और देखभाल करने वाला वातावरण स्थापित करने के लिए मिलकर काम करना महत्त्वपूर्ण है। रैगिंग को ख़त्म करने के लिए, एक बहुआयामी रणनीति, कठोर कानूनी प्रवर्तन, गुमनाम रिपोर्टिंग प्रणाली और त्वरित दंडात्मक कार्यवाही की आवश्यकता है। मज़बूत सलाह नेटवर्क, आवश्यक संवेदीकरण कार्यक्रम और दयालु सहकर्मी बातचीत को प्रोत्साहित करना निरोध के अलावा अन्य तरीकों से परिसर की संस्कृति को बदल सकता है। संस्थागत जवाबदेही और प्रौद्योगिकी-संचालित निगरानी यह गारंटी देगी कि उच्च शिक्षा संस्थान भय के बजाय सुरक्षा, समावेशिता और समग्र विकास के स्थान हैं। यूजीसी को उन संस्थानों के खिलाफ खंड 9.4 का उपयोग करना चाहिए जो अनुपालन नहीं करते हैं। अपराधियों को कड़ी सज़ा मिले, इसकी गारंटी के लिए फास्ट-ट्रैक ट्रायल और पुलिस सत्यापन ज़रूरी है। छात्रावासों में सीसीटीवी लगाए जाने चाहिए जो एआई-आधारित चेहरे की पहचान का उपयोग करते हैं। पीड़ितों की सुरक्षा के लिए, एक डिजिटल आईडी-आधारित ट्रैकिंग सिस्टम लागू किया जाना चाहिए। मनोवैज्ञानिक परामर्श और एंटी-रैगिंग कार्यशालाओं को लागू करना अनिवार्य होना चाहिए। छात्र मेंटरशिप कार्यक्रमों द्वारा एक समावेशी संस्कृति को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। यूजीसी हेल्पलाइन की प्रतिक्रिया समय और पहुँच में सुधार की आवश्यकता है। ऐसे डिजिटल शिकायत पोर्टल होने चाहिए जो गुमनाम हों और सीधे पुलिस अलर्ट प्रदान करें। सख्त कानूनों और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली अभी भी रैगिंग से ग्रस्त है। कानूनी कार्रवाई, संस्थागत सुधार, प्रौद्योगिकी एकीकरण और सांस्कृतिक परिवर्तन सभी एक बहुआयामी रणनीति के महत्त्वपूर्ण घटक हैं।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

संयुक्त परिवार से सामाजिक संबंधों की बुनियाद मजबूत

हालांकि अधिक ध्यान आर्थिक विकास की ओर किया जाता है, पर इसके साथ जरूरी है कि समाज सुधार की एक समग्र सोच बने और इस पर आधारित समाज-सुधार के प्रयास भी निरंतरता से चलते रहें।समाज की सबसे बुनियादी इकाई परिवार है, और अच्छे तथा प्रगाढ़ पारिवारिक संबंध, सुख-दुख में साथ रहने और एकता के संबंध बने रहने चाहिए। यह विभिन्न लोगों की अपनी राय है कि वे संयुक्त परिवार में रहते हैं या अलग पर चाहे जैसे भी रहें, आपसी संबंध अच्छे बने रहने चाहिए। बच्चों को अच्छे संस्कार देने के लिए परिवार संभवत- स्कूल से भी अधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस जिम्मेदारी के प्रति परिवारों को सचेत रहना चाहिए और साथ ही ध्यान में रखना चाहिए कि अच्छे संस्कार डांट- डपट से नहीं, प्यार के माहौल में बेहतर ढंग से दिए जाते हैं। महिलाओं का सम्मान हर परिवार में होना चाहिए। इसके बिना कोई परिवार आदर्श परिवार नहीं कहला सकता है। उनके प्रति यह दृष्टिकोण होना चाहिए कि गरिमामय और मर्यादा भरे माहौल में उन्हें सब तरह की बराबरी और स्वतंत्रता मिले ताकि वे अपनी क्षमताओं का पूर्ण विकास कर सकें। परिवार की बेहतरी और व्यापक जिम्मेदारी का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष यह है कि परिवार के जो सदस्य समाज की व्यापक भलाई की जिम्मेदारियों के लिए कुछ अलग राह अपनाना चाहते हैं, उन्हें परिवार का समर्थन-सहयोग मिले। आदर्श परिवार वह नहीं है, जो केवल धन एकत्र करता है, बल्कि वह है जो व्यापक सामाजिक भलाई के कायरे से जुड़ता और इनके संस्कार देता है। अच्छे पारिवारिक संबंधों के साथ पड़ोस से अच्छे संबंधों का भी प्रयास होना चाहिए।समाज-सुधार का दूसरा महत्त्वपूर्ण पक्ष यह है कि सभी तरह के नशे और दुर्व्यसनों जुए-अश्लीलता के विरुद्ध अभियान निरंतरता से चलना चाहिए। नशीले पदाथरे के कारण प्रति वर्ष विश्व में 110 लाख से अधिक मौतें होती हैं। इन नशों के कारण जिन लोगों का जीवन तबाह हुआ है, उनकी संख्या तो बहुत अधिक है और विश्व स्तर पर 80 करोड़ के आसपास है। एक तरह का नशा कम हो पर दूसरा बढ़ जाए तो भी कठिनाई बनी रहती है। कुछ कानूनी कार्रवाई हो जाए, पर आदत फिर भी न छूटे, तो भी कठिनाई बनी रहती है। अतः जरूरत इस बात की है कि निरंतरता से हर तरह के नशे को कम करने की समस्या को न्यूनतम करने के प्रयास चलते रहें और इसके लिए गांवों और बस्तियों में महिलाओं के नेतृत्व में नशा विरोधी समितियों का गठन होना चाहिए। अश्लीलता के प्रसार और अन्य हानिकारक व्यसनों को रोकने के लिए भी निरंतरता से प्रयास जरूरी है। तीसरा महत्त्वपूर्ण मुद्दा यह है कि समाज में सभी तरह के भेदभाव को समाप्त किया जाए। जाति, धर्म, लिंग, रंग, क्षेत्र किसी भी आधार पर या ऐसी किसी भी पहचान के आधार पर न तो किसी से कोई भेदभाव होना चाहिए और न ही किसी का अपमान होना चाहिए। सभी लोगों की समानता को दिल की गहराई से स्वीकार कर सभी के साथ सम्मानजनक और गरिमामय व्यवहार करेंगे तो हमारा समाज बहुत बेहतर समाज बन सकेगा। समाज में ऐसी व्यापक सोच होनी चाहिए कि अपने से कमजोर आर्थिक-सामाजिक स्थिति के लोगों से व्यवहार सहायता का हो, शोषण का नहीं। इस समानता के आधार पर समाज में व्यापक एकता और सहयोग की स्थिति स्थापित होनी चाहिए। यदि ऐसा हो सके तो हमारे समाज और देश की इतनी उत्साहवर्धक प्रगति हो सकेगी कि दुनिया भर में सराही जाएगी। जिस समाज में समानता आधारित एकता और सहयोग होगा वह समाज सबके मिले-जुले प्रयास से प्रगति की किसी भी बुलंदी को छू सकता है, उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है।वैसे तो परस्पर एकता और सहयोग से सभी तरह के कार्य आगे बढ़ेंगे पर पर्यावरण रक्षा और आसपास की स्वच्छता को प्राथमिकता का केंद्र बनाना होगा। इसके अतिरिक्त आपसी एकता और सहयोग से ऐसी कई समस्याओं को दूर किया जा सकता है, जिनके कारण बहुत से परिवार परेशान हैं पर जिनका समाधान चंद परिवारों के स्तर पर न कर व्यापक सहयोग की आवश्यकता है। इस तरह दहेज समस्या, कुछ अवसरों पर फिजूलखर्ची आदि को दूर किया जा सकता है, जिनके कारण बहुत से लोग कर्जग्रस्त और तनावग्रस्त हो रहे हैं। समाज-सुधार की समग्र समझ के आधार पर इसके लिए प्रयास निरंतरता से होने चाहिए और इसके लिए समितियों का गठन होना चाहिए। युवाओं और महिलाओं की इसमें विशेष भूमिका होनी चाहिए।समाज-सुधार की इस सोच का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि इसमें परंपरा और आधुनिकता का संतुलित मिलन हो।कुछ लोग परंपरा के प्रति अत्यधिक झुकाव रखते हैं। भूल जाते हैं कि परंपरागत व्यवस्था और सोच में कुछ ऐसी कमजोरियां थीं जिनके कारण देश को पहले ही बहुत भुगतना पड़ा है। दूसरी ओर, कुछ लोग आधुनिकता से इतने आकर्षित हो जाते हैं कि भूल जाते हैं कि आधुनिकता के कुछ चिंताजनक पक्षों के कारण पश्चिमी देशों के समाज में ऐसी विसंगतियां आ गई हैं जिनके कारण वहां के लोग बहुत चिंतित हैं। अत- सही रास्ता यही होगा कि परंपरा की मजबूतियों और कमजोरियों, दोनों को भली-भांति समझा जाए और इसी तरह आधुनिकता की बुराइयों-अच्छाइयों का भी सही मूल्यांकन किया जाए। केवल परंपरागत व्यवस्था से चिपके रहना उचित नहीं है, तो आधुनिकता की आंधी में इस तरह उड़ जाना भी उचित नहीं है कि हम अपनी बुनियाद को ही खो बैठें। हमें तर्कसंगत दृष्टिकोण अपनाना चाहिए और इस आधार पर परंपरा और आधुनिकता के संतुलित मिलन से इसे अपनाना चाहिए।

-भारत डोगरा-

महान साहित्य के पीछे शब्द शक्ति और सामर्थ्य

संजीव ठाकुर
रायपुर छत्तीसगढ़,

सत-साहित्य से समृद्ध होता समाज

शब्दों की महिमा को अपरंपार और अक्षर को नश्वर बताया गया है ।वैसे तो शब्दों की तीव्रता तलवार से ज्यादा नुकीली और भाले से ज्यादा चुभने वाली होती है। तलवार की धार से मनुष्य एक बार बच भी सकता है पर मुंह से बोले गए शब्द व्यक्ति को मृत्यु सा मूर्छित कर देते है। इसीलिए चिंतकों ने कहा है बोलने से पहले कई बार सोचें और बोलने के बाद सोचने वाला व्यक्ति समाज में मूर्खों की श्रेणी में गिना जाता है। राजनीति और कूटनीति में सारी जद्दोजहद शब्दावली और भाषणों की होती है कूटनीति में एक शब्द के कई अर्थ निकाले जाते हैं और उससे अपना हित अहित साधा जाता है।

मुंह से बोले गए शब्द और वाक्य बहुत सकारात्मक भी हो सकते हैं और बड़े ही भयंकर नकारात्मक भी हो सकते हैं। एक ही शब्द कहीं पर बड़े से बड़ा दंगा करवा सकते हैं और कहीं पर बोले गए प्यार के शब्द बड़े-बड़े विवादों में सुलह करा सकते हैं। शब्द की परिणति उसकी मुक्ति ही करती है। बड़े-बड़े राजनेता अभिनेता अपने मुंह से बोले गए शब्दों से लोकप्रियता के चरम पर पहुंच जाते हैं और कहीं किसी नेता के मुंह से निकला हुआ शब्द बाण समाज में विषाद और जहर भर देता है। शब्दों के जादूगर बड़ी-बड़ी आम सभाओं में सोच समझकर इस्तेमाल कर अपना सार्थक प्रभाव छोड़ते सत्ता परिवर्तन भी शब्दों के माया जाल से हि होता है। अंग्रेजी साहित्य में अरनेस्ट हेमिंग्वे को शब्दों का जादूगर माना जाता था उनके शब्दों का प्रभाव सीधे पाठकों के दिल तक पहुंच जाता था इसी तरह हिंदी में तुलसीदास विश्वव्यापी कवि है उनकी वाणी में सत्य और अमृत है। आधुनिक हिंदी साहित्य मेंअज्ञेय जी को इसी श्रेणी में रखा जा सकता है उनकी शब्दावली कठिन होते हुए भी पढ़ने वालों के मर्म तक पहुंच जाती है। महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद हिंदी और देवनागरी लिपि को आत्मसात कर उपन्यास तथा कहानी और लिख कर अमृत्व को प्राप्त किया है। देवकीनंदन खत्री जी ने भी उपन्यासों खाकर चंद्रकांता संतति, भूतनाथ पढ़ने के लिए हिंदी को सीखा और मनन किया और लोकप्रिय उपन्यास की उत्पत्ति की, कबीर अपने फक्कड़पन की भाषा के कारण उत्तर भारत के सभी दिलों में समाए हुए हैं। निःसंदेह शब्द जीवंतता प्रदान करते हैं और जीवनशैली को बेहतर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं और द्रौपदी द्वारा कहे गए शब्द महाभारत की उत्पत्ति का कारण बनते हैं। इसलिए सदैव कहा जाता है की संभलकर बोलने से सद्गति प्राप्त होती है। इसीलिए तो संभल कर सही और उपयुक्त शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए। अकबर इलाहाबादी साहब कहते हैं,

खीचों न कमानों को,
न तलवार निकालो,
जब तोप मुकाबिल हो तो
अखबार निकालो।

जो सदैव अच्छा वक्ता होता है अपने विचारों को संभल कर बोलता है भले ही वह दिलों को ना छुए पर उसका जनमानस के दिलों को जीतना तय होता है और संसार पर वही राज करता है जो अपने शब्दों का सही इस्तेमाल करता है, गलत शब्द से, गलत संभाषण से गलत विचारों से बोला गया वाक्य प्रलय भी ला सकता है। शब्दों को तौल कर विचार कर बोलना चाहिए अन्यथा उसके नतीजे भयानक भी हो सकते हैं। शब्दों की मार बहुत ही तेज और बहुत मीठी भी होती है एक शब्द महायुद्ध करवा सकता है और दूसरा शब्द ऐसी शीतल फुहाँर छोड़ता है कि सारा युद्ध उन्माद अखंड शांति में बदल जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अमेरिका रूस ,जापान, यूरोपीय देशों में दिए वहां के राष्ट्रपति व राजनेताओं द्वारा दिए गए भाषणों संभाषणों से युद्ध और कई बार शांति स्थापित हुई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री तथा उनके कैबिनेट के मंत्री अपने दिए गए वक्तव्य से ही सारी दुनिया से अलग अलग हो गए हैं। और भड़काऊ भाषण के कारण आज दुर्गति को प्राप्त हुए हैं। भारत शांति का दूत माना जाता है शांति स्थापना की सदैव मीठी वाणी बोलता आया है और यही कारण है कि भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति का पुजारी एवं दूत कहा जाता है एवं सदैव अंतर्राष्ट्रीय विवादों में उनके राजनेताओं को मध्यस्थता अथवा समझौते के लिए आमंत्रित किया जाता रहा है। यही कारण है कि रूस यूक्रेन के लंबे युद्ध में विश्व के पूरे देश एवं रूस तथा यूक्रेन के राजनेता भी भारत की ओर युद्ध की शांति की पहल की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यही कारण है की युवा पीढ़ी को सदैव कम बोलने, सदाचारी संभाषण देने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है भारत की सांस्कृतिक तथा साहित्यिक विरासत को सत साहित्य और संतुलित भाषा का मनुष्य तथा समाज के विकास के लिए पर्याय माना गया है। इसीलिए संतुलित भाषा मीठी भाषा बोलने से सदैव समाज तथा देश का वातावरण विकास के अनुकूल होता आया है।

रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर्स (सेंट्रल) रूल्स 1956 के अंतर्गत घटती-घटना के संबंध में स्वामित्व तथा अन्य विवरण विषयक जानकारी

घोषणा-पत्र

(फार्म4 नियम 8)

1. प्रकाशन स्थल : नमनाकला संतहरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर,सरगुजा,छत्तीसगढ़
2. प्रकाशन अवधि : दैनिक
3. मुद्रक का नाम : अविनाश कुमार सिंह
   राष्ट्रीयता : भारतीय
   निवास : केदारपुर,भट्ठीरोड,गीता पब्लिक स्कूल के पीछे,अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
4. प्रकाशक का नाम : अविनाश कुमार सिंह
   राष्ट्रीयता : भारतीय
   निवास : केदारपुर,भट्ठीरोड,गीता पब्लिक स्कूल के पीछे,अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
5. संपादक का नाम : अविनाश कुमार सिंह
   राष्ट्रीयता : भारतीय
   निवास : केदारपुर,भट्ठीरोड,गीता पब्लिक स्कूल के पीछे,अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
6. पत्र का स्वामित्व भागीदारी अथवा एक से अधिक पूंजी वाले हिस्सेदार हों : अविनाश कुमार सिंह केदारपुर,भट्ठीरोड,गीता पब्लिकस्कूल के पीछे,अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)

मैं अविनाश कुमार सिंह एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सही है।

हस्ताक्षर
अविनाश कुमार सिंह
प्रकाशक

दिनांक: 01-03-2025

कविता
कब होगा कानून का भान

घटती-घटना

उदयकिशोर शाह
जयपुर, बांका
बिहार

दुराचारी अपराधी को तोड़ो अभिमान
बेशर्म चलता है देखो सीना तान
कानून का कब होगा इनको भान
समाज में मत दो इन्हें कोई सम्मान
ये होते कुकर्मी होते हैं राक्षस शैतान
भले मानस की ना है कभी पहचान
इनसे ना डर अय समाज के नादान
संगठित हो ढुंढो कोई भी निदान
जब तक समाज में कोई मौन रहेगा
इनकी हिम्मत दिन रात पनपेगा
जारी कर दो कानून एक फरमान
कुचल दो इनकी बशर्म अरमान
कब तक कानून तुम मौन रहोगी
कब तक तेरी चाबुक तन पे बरसेगी
कब करोगे इनके कर्म की भुगतान
कब टुटेगी इनकी हेकड़ी व शान
आओ आज सब मिल कसमें खायें
समाज को अपराध मुक्त करायें
ना मिले इनको कोई भी सम्मान
चाहे गरीब हो या वो हो धनवान

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

अस्पताल में युवक की मौत,परिजन ने लगाया इलाज में लापरवाही का आरोप

बदमाशों ने की थी युवक के साथ मारपीट,अंतड़ी फटने से हो गई मौत,परिजन ने एनएच पर शव रखकर किया चक्काजाम

- सवाददाता -
अंबिकापुर,28 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। मौत के बाद परिजन ने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन किया है। महाशिवरात्रि की रात मृतक अपने भतीजे के साथ बाइक से देवगढ़ मंदिर से वापस लौट रहा था। रास्ते में 20 से 25 लोगों ने उसके साथ मारपीट की थी। मारपीट किए जाने से युवक के पेट की अंतड़ी फट गई थी।

जानकारी के अनुसार अमोल दास पिता स्व. जयनंदन दास उम्र 32 वर्ष सत्तीपरा स्थित कर्बला रोड का रहने वाला है। वह 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर अपने भतीजा विशेष मानिकपुरी के साथ बाइक से उदयपुर थाना क्षेत्र के देवगढ़ शिवमंदिर पूजा अर्चना करने गए थे। मंदिर में पूजा करने के बाद अमोल अपनी बहन के घर चला गया। इसके बाद रात को दोनों वापस अंबिकापुर लौट रहे थे। रास्ते में बरपारा चौक के पास 20-25 लोग मौजूद थे। बदमाशों ने इन्हें रोक लिया और इतनी रात को कहां से आ रहे हो पूछताछ करने लगे। इसके बाद बदमाशों लात-मुक्के व बेल्ट से दोनों की बेदम पिटाई कर दी। मारपीट की घटना में अमोल दास गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पर डायल 112 की टीम दोनों को उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। यहां अमोल की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने देर रात करीब 1 बजे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर अमोल के परिजन भी अंबिकापुर से उदयपुर अस्पताल पहुंचे और उसे इलाज के लिए देर रात मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजन का कहना है कि यहां मरीज का एक्सरे व सोनाग्राफी कराया गया। सोनोग्राफी में कारन स्पष्ट नहीं होने पर सर्जन विभाग के डॉक्टर सीटी स्कैन कराने की सलाह दी। परिजन अस्पताल में ही 27 फवरी को सीटी स्कैन कराया। जिसकी रिपोर्ट दोपहर तीन बजे तक प्राप्त कर परिजन डॉक्टर को दिखा। इसके बाद भी डॉक्टर ने इलाज के प्रति कोई विशेष पहल नहीं किया।

तैयारी कर नहीं किया ऑपरेशन

परिजन का कहना है कि सीटी स्कैन रिपोर्ट मिलने के बाद डॉक्टर द्वारा बताया गया कि मारपीट किए जाने से इसका अंतड़ी फट गया है। डॉक्टर ऑपरेशन करने के लिए प्लानिंक करते रहे। डॉक्टर ने परिजन को बताया कि ऑपरेशन के दौरान ब्लड लगेगा। परिजन ब्लड की भी व्यवस्था कर रखे थे। इसके बाद 27 फरवरी की शाम को डॉक्टर अचानक ऑपरेशन करने से मना कर दिया कि अबे मेरी ड्यूटी खत्म हो गई है। नाइट ड्यूटी में जो डॉक्टर आएंगे वह ऑपरेशन करेंगे। मरीज का अंतड़ी फटने व अंदर ही अंदर रक्त स्राव होने से मरीज की स्थिति विगड़ती गई। परिजन का कहना है कि मरीज की स्थिति को देखते हुए कई बार डॉक्टर व स्टाफ नर्स से इलाज करने के गुहार लगाते रहे पर हमलोगों को डांट कर भाग देते थे कि तुम्ही लोग डॉक्टर हो तो क्यों इलाज नहीं कर लेते। परिजन का कहना है कि मरीज को पहले जनरल वार्ड में शिफ्ट किया था। इसके बाद आईसीयू में शिफ्ट कर छोड़ दिया। अंततः समय पर ऑपरेशन नहीं होने से मरीज की 28 फरवरी की सुबह करीब 5 बजे मौत हो गई।

परिजन ने शव रखकर किया चक्काजाम

मौत के बाद परिजन डॉक्टरों द्वारा इलाज में लापरवाही किए जाने का आरोप लगाकर हंगामा किया। परिजन शव लेजाने से इंकार कर दिया था। पुलिस द्वारा समझाइश देने के बाद परिजन पीएम कराने को तैयार हुए। शव के पीएम के बाद भी परिजन शव लेजाने से इंकार कर रहे थे। इसके बाद अस्पताल के एमएस ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। परिजन शव अंतिम संस्कार करने के लिए घर न लेजाकर सीधे वाहन से उदयपुर गए और वहां एनएच पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। घटनास्थल उदयपुर थाना क्षेत्र होने के कारण परिजन ने आरोपियों को तत्काल गिरफ्तारी की मांग

डॉक्टर का ये है कहना

मौत के बाद सीटी स्कैन का रिपोर्ट फाइल में लगाया गया है। हालाकि सीटी स्कैन का फिल्म कल ही दोपहर में मिल गया था। वही डॉक्टर का कहना है कि मरीज बातचीत कर रहा था। सोनोग्राफी व सीटी स्कैन में अंतड़ी फटने की पुष्टी नही होने के कारण ऑपरेशन नही किया गया।

अस्मिता सिटी ताइक्वांडो लीग 2 मार्च को गांधी स्टेडियम में

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

भारतीय खेल प्राधिकरण और छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान एवं छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग अस्मिता सिटी ताइक्वांडो लीग का आयोजन किया किया गया है। प्रतियोगिता 2 मार्च को गांधी स्टेडियम अंबिकापुर में किया जाएगा। अस्मिता सिटी ताइक्वांडो लीग में विशेष रूप से जूनियर और सीनियर श्रेणियों (बालिकाओं) के लिए प्रतिस्पर्धा होगी। छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ के महासचिव अनिल द्विवेदी इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सभी प्रतिभागियों के लिए प्रवेश शुल्क माफ किया जाएगा। प्रतिभागियों की इंट्री दो मार्च सुबह 8 बजे तक होगी। अनिल द्विवेदी ने ताइक्वांडो प्रशिक्षकों से अनुरोध किया है कि वे समय पर प्रतिभागियों को इंट्री दिलाएं।

तीन बार में खाते से कट गए 28 हजार 500,रिपोर्ट दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

वाहन चालक के खाते से तीन बार में 28 हजार 500 रुपये कटने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई गई है, जिस पर केस दर्ज करके पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

कृषि महाविद्यालय अजिरमा में पदस्थ राजकुमार टोप्पो पिता बोलू टोप्पो निवासी ग्राम अजिरमा ने पुलिस को बताया है कि उसका खाता भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा में है, जिसमें उसके वेतन की राशि भी आती है। 21 फरवरी को सायं करीब 6 बजे उसके मोबाइल नंबर पर एक अनजान नंबर से मैसेज आया कि उनके खाते में 151 रुपये जमा हुआ है, उसको प्राप्त करने के लिए लिंक पर क्लिक करके आधार सिडिंग करें। लिंक पर क्लिक करने के दो मिनट बाद ही उनके मोबाइल फोन पर तीन बार 95-95 सौ रुपये कटने का मैसेज आया। इस तरह खाते से तीन बार में 28 हजार 500 रुपये कट गया। धोखाधड़ी का एहसास होने पर वह तुरंत एटीएम जाकर खाते में शेष राशि को निकाल लिया। रिपोर्ट पर पुलिस अग्रिम जांच, कार्रवाई में जुट गई है।

चोरी की स्कूटी के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

CITY KOTWALI AMBIKAPUR

चोरी की स्कूटी के साथ कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार गुरुप्रित कौर छाबड़ा महामाया रोड का रहने वाला है। इसकी स्कूटी क्रमांक सीजी 15 सीएस 9134 को 6 फरवारी की शाम को घर के बाहर से अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुकेश चेरवा उर्फ छोटु पिता देवराज उम्र 21 साल निवासी ग्राम बरपारा रजपुरी खुर्द थाना कोतवाली को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह स्कूटी चोरी करने की बात स्वीकार की। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दखिल कर दिया है।

नव निर्वाचित महापौर बोलीं,शपथ ग्रहण से पूर्व नगर निगम को कराएंगे शुद्धिकरण

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

नव निर्वाचत महापौर मंजूषा भगत ने शपथ ग्रहण से पूर्व गुरुवार को विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि शपथग्रहण से पूर्व नगर निगम कार्यालय को शुद्धिकरण कराएंगे। यह सालों में अशुद्ध हो गया है। इस बयान से जिला कांग्रेस ने निंदा करते हुए मंजूषा भगत को सार्वजनिक माफी मांगने नहीं मांगने पर कांग्रेस पार्षद शपथ ग्रहण सामरोह में हिस्सा नहीं लेंगे।

नगर निगम के महापौर का चुनाव जितने के बाद मंजूषा भगत ने आज विवादित बयान दिया है। नव निर्वाचित महापौर ने कहा कि कुर्सी पर बैठने से पहले नगर निगम में विशेष पूजा पाठ कराएंगी और नगर निगम कार्यालय को शुद्धिकरा कराएंगे। उन्होंने कहा है कि दस साल तक निगम में कांग्रेस की सरकार रही है। इन दस सालों में विकास के कोई कार्य नहीं हुए हैं। वहीं नगर निगम कार्यालय सहित पूरा शहर अशुद्ध हो गया है। अब भाजपा की सरकार आई है। नगर निगम व पूरे शहर को शुद्धिकरण करना जरूरी है। नव निर्वाचित महापौर ने नगर निगम कार्यालय की रंगाई पुताई शुरू करा दी है। पिछले दस सालों तक नगर निगम का महापौर डॉ. अजय तिर्की थे। कुछ दिन पूर्व हुए नगरीय निकाय चुनाव में डॉ. अजय तिर्की को हार का सामाना करना पड़ा और नव निर्वाचित महापौर भाजपा प्रत्याशी मंजूषा भगत चुनाव जीतीं हैं। चुनाव जीतने के बाद मंजूषा भगत कुंभ प्रयागराज गईं थीं और वहां से स्नान करने के बाद गंगा जल लेकर आई हैं और उस गंगाजल से नगर निगम कार्यालय को शुद्धिकरण कराएने की बात कहीं हैं। उनके इस बयान से कांग्रेस में आक्रोश है।

अपने बयान पर सार्वजनिक माफी मांगे नव निर्वाचित महापौर

नवनिर्वाचित महापौर मंजूषा भगत द्वारा दिए गए विवादित बयान की निंदा करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा है कि अगर मंजूषा भगत अपने बयान पर सार्वजनिक माफी नहीं मांगेंगी तो कांग्रेस पार्षद शपथ समारोह में हिस्सा नहीं लेंगे। नवनिर्वाचित महापौर ने मीडिया में यह बयान दिया है कि नगर निगम के विगत 10 वर्ष के कार्यकाल में निगम में अशुद्धियां फैल गई है। इन अशुद्धियों को दूर करने के लिये वे कुंभ से लाये गये गंगा जल का छिड़काव निगम में करेंगी। वे यहीं नहीं रुकी, उन्होंने कहा कि वे निगम की पहली हिंदू महापौर हैं। उन्होंने निगम आयुक्त को यह निर्देश दिया है कि पूर्व में महापौर द्वारा उपयोग किये जा रहे कुर्सी, टेबल को हटा कर नये कुर्सी टेबल लगाये जायें नवनिर्वाचित महापौर के इस नफरती बयान पर जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा है कि किसी भी सदन चाहे वो विधानसभा हो या नगर निगम का निर्माण पक्ष और विपक्ष के साथ होता है। विगत 10 वर्ष से अगर निगम अशुद्ध था तो इस अशुद्धी में भाजपा और स्वयं नवनिर्वाचित माहपौर भी बतौर पार्षद के रुप में मौजूद थी भागीदार थे। जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा है कि जिस किस्म का नफरती एवं छूत-अछूत की भावना वाला बयान नवनिर्वाचित महापौर ने दिया है वो उनके अपरिपक्वता को जाहिरकरता है। विगत 10 वर्ष तक बेहद सौम्य और सज्जन व्यक्तित्व के धनी डॉ अजय तिर्की अम्बिकापुर के माहपौर थे। न केवल महापौर साथ ही चिकित्सक के पेशे में भी वे अपने मानवीय मूल्यों और जनसहयोगी व्यवहार के कारण विख्यात हैं। उनके प्रति नवनिर्वाचित महापौर के द्वारा दिया गया नफरती बयान पीडाजनक है। जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा है कि नवनिर्वाचित महापौर के साथ ही शहर के पूर्व के दोनो महापौर सरगुजा की सम्मानित और प्रगतिशील उरांव जनजाति से हैं। जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा है कि वो इस मामले में आगे कानूनी कारवाई पर विचार कर रही है। इसपर जल्द ही निर्णय लिया जायेगा।

JOB
दैनिक समाचार पत्र घटती-घटना में फूलटाईम एवं पार्ट टाईम काम करने का अवसर
आवश्यकता है
1. कार्यालय सहायक-2 पद,वेतन- 5000-10,000
2. कम्प्यूटर ऑपरेटर-2 पद,वेतन- 5000-10,000
संपर्क
दैनिक घटती-घटना,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास
नमनाकला,अम्बिकापुर,सरगुजा,छ.ग. मो.- 98265-32611

खैबर पख्तूनख्वा की मस्जिद में आत्मघाती हमला, हमीदुल हक हक्कानी समेत पांच लोगों की मौत

- संवाददाता -
इस्लामाबाद,28 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को एक मस्जिद में शक्तिशाली विस्फोट हुआ। जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, विस्फोट नौशेरा जिले के अकोटा खटक में मदरसा-ए-हक्कानिया में हुआ, जब लोग शुक्रवार की नमाज पढ़ रहे थे। प्रांत के मुख्य सचिव शाहब अली शाह ने विस्फोट में जमीयत उलेमा इस्लाम (सामी समूह) के प्रमुख हमीदुल हक हक्कानी की मौत की पुष्टि की।

आत्मघाटी विस्फोट का संदेहः पुलिस महानिदेशक

खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस महानिदेशक जुल्फिकार हामिद ने कहा कि आत्मघाती बम विस्फोट होने का संदेह है और हमीदुल हक लक्ष्य प्रतीत होते हैं। उन्होंने कहा, हमने हमीदुल हक को छह सुरक्षा गार्ड प्रदान किए हुए थे।

नौशेरा के डीपीओ अब्दुल रशीद ने कहा कि विस्फोट जुम्मा की नमाज के दौरान हुआ। राहत दल मौके पर पहुंचे और शवों व घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। नौशेरा और पेशावर के अस्पतालों में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। काजी हुसैन मेडिकल कॉम्पलेक्स के एक डॉक्टर ने कहा, बीस लोग घायल हैं और पांच शव अस्पताल लाए गए।

मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने की विस्फोट की निंदा

वहीं, खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर और राज्यपाल फैसल करीम कुंडी ने कथित आत्मघाती विस्फोट की निंदा की। जेआईएफ के नेताओं ने घायलों के लिए रक्तदान की अपील की है।

गाजा संघर्ष विराम के अगले चरण को लेकर इस्राइल और हमास में बातचीत शुरू

खान यूनिस (गाजा),28 फरवरी 2025। गाजा में संघर्ष विराम के अगले चरण को लेकर इस्राइल और हमास के बीच वार्ता गुरुवार को शुरू हो चुकी है। मिस्र ने इसकी जानकारी साझा की है। समझौते का पहला चरण शनिवार को समाप्त होना है, उससे पहले दोनों पक्षों के बीच वार्ता आरंभ होने से समझौते पर मंडरा रहा खतरा फिलहाल टल गया है। मिस्र की सरकारी सूचना सेवा ने एक बयान में कहा कि इस्राइल, कतर और अमेरिका के अधिकारियों ने काहिरा में संघर्ष विराम के दूसरे चरण पर गहन चर्चाएं आरंभ कर दी हैं।

बयान के मुताबिक, मध्यस्थ, गाजा में मानवीय सहायता की आपूर्ति बढ़ाने के रास्तों पर भी चर्चा कर रहे हैं। दूसरे दौर की वार्ता का उद्देश्य युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत करना है, जिसमें गाजा में बचे हुए सभी जीवित बंधकों की वापसी और क्षेत्र से सभी इजराइली सैनिकों को वापस बुलाया जाना शामिल है। तीसरे चरण में शेष मृतक बंधकों के शव सौंपने पर चर्चा होगी।

गाजा में स्थित गलियारे से सैनिकों को हटाने से इस्राइल का इनकार

दरअसल, इस्राइल संघर्ष विराम के तहत गाजा में एक रणनीतिक गलियारे से पीछे नहीं हटेगा। इस फैसले से संघर्ष विराम को लेकर हमास और प्रमुख मध्यस्थ मिस्र के साथ संकट पैदा हो सकता था। हालांकि,बहुत कुछ पश्चिम एशिया के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूत स्टीव विटकॉफ पर निर्भर करेगा, जो आने वाले दिनों में क्षेत्र की यात्रा कर सकते हैं।

अब भी 59 बंधक हमास के कब्जे मेंः इस्राइल

इस्राइल के अनुसार, अब भी 59 बंधक हमास के कब्जे में हैं, जिनमें से 24 जीवित हो सकते हैं। वार्ता शुरू होने से कुछ घंटे पहले एक इस्राइली अधिकारी ने कहा कि उनका देश गाजा में स्थित रणनीतिक गलियारे से सैनिकों को वापस नहीं बुलाएगा। इजराइल के इस फैसले से वार्ता में चुनौतियां पेश आ सकती हैं।

इससे पहले हमास की ओर से बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक इस्राइली समूह ने कहा कि गुरुवार तड़के लौटाए गए सभी चार बंधकों के शवों की पहचान कर ली गई है। 'होस्टेजेस एंड मिसिंग फैमिलीज फोरम' ने बताया कि ओहाद याहालोमी,इत्जाक एल्गरात और श्लोमो मंत्जूर,साशी इदान के शवों की पहचान हो गई है।

डंडे व कड़ा से प्राणघातक हमला, चार पर अपराध दर्ज

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,28 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

एमजी रोड में नेशनल हाइवे से लगे केंद्रीय विद्यालय के पास कृषि महाविद्यालय के छात्रों के बीच चल रहे विवाद में मध्यस्थता करने पर गालीगलौज करते हुए डंडे व कड़ा से प्राणघातक हमला करने के मामले में गांधीनगर थाना पुलिस ने 4 आरोपियों के विरूद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया है।

बीए तृतीय वर्ष की प्राइवेट पढ़ाई करने वाले निमेष चैबे पिता सतेन्द्र चैबे निवासी कृष्णानगर कॉलोनी ने पुलिस को बताया है कि 26 फरवरी को रात करीब 8.30 बजे संगम चैक अंबिकापुर में वह अपने साथी रोहित गुप्ता व अमन सिंह के साथ महाशिवरात्रि के मौके पर निकले भगवान शिव के बरात को देख रहा था। इसी बीच रोहित गुप्ता को अभिषेक दुबे फोन करके बताया कि एग्रीकल्चर कॉलेज के लडक़े केन्द्रीय विद्यालय के पास उसे गालीगलौज करते हुए बुला रहे हैं। इसके बाद वह अपने दोस्त रोहित गुप्ता और अमन सिंह के साथ केन्द्रीय विद्यालय के पास गया तो यहां कृषि महाविद्यालय का छात्र महेंद्र सिंह व उसके साथी रवि कश्यप, मिथलेश, निलेश उसके साथी के साथ विवाद कर रहे थे। निमेष चैबे व रोहित गुप्ता अपने साथी को बचाने के लिए बीच में आए तो कृषि महाविद्यालय के महेंद्र सिंह व उनके साथी रवि कश्यप, मिथलेश, निलेश उसके ऊपर हाथ में पहने कड़ा और लाठी से जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें उसके सिर से खून बहने लगा व हाथ, पैर में चोट आई है। कृषि महाविद्यालय के छात्रों ने धमकी दी कि उन्हें पुलिस थाने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध केस दर्ज करके विवेचना में लिया है।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,28 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध जिला चिकित्सालय मातृत्व शिशु अस्पताल परिसर में डीईआईसी (जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र) के सहयोग से एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्योर इंटरनेशनल इंडिया ट्रस्ट (एनजीओ) का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

जिले में कार्यरत आरबीएसके चिरायु दल द्वारा चिन्हांकित 1 से 18 वर्ष के बच्चों का विशेष स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान क्लब फुट (पांवफिरा), जन्मजात विकृतियां, न्यूरोलॉजिकल विकार, हड्डी एवं मांसपेशी संबंधी दुर्बलता, मानसिक मंदता,दृष्टि दोष, श्रवण बाधितता, दंत रोग,संज्ञानात्मक विलंब, डाउन्स सिंड्रोम और अन्य विकारों से प्रभावित बच्चों का उपचार एवं फॉलो-अप किया गया। क्लब फुट से प्रभावित बच्चों का निःशुल्क प्लास्टर किया गया तथा क्योर इंटरनेशनल इंडिया ट्रस्ट द्वारा जूते भी प्रदान किए गए।

106 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार

शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कुल 106 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डीईआईसी जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र, जो सरगुजा संभाग का एकमात्र ऐसा केंद्र है, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत है। यह केंद्र 0-18 वर्ष तक के बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है, जो जन्मजात शारीरिक एवं मानसिक विकृतियों को दूर करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

आरबीएसके टीम द्वारा दूरस्थ गांवों में जाकर ऐसे बच्चों की पहचान की जाती है और उन्हें डीईआईसी केंद्र में उपचार हेतु लाया जाता है। इस केंद्र में फिजियोथेरेपिस्ट, मनोचिकित्सक, दंत सर्जन, चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य विशेषज्ञों द्वारा समन्वित प्रयासों से बच्चों के भविष्य में होने वाली दिव्यांगता को कम करने का कार्य किया जाता है। इस शिविर के माध्यम से जिले के अनेक बच्चों को निःशुल्क उपचार और आवश्यक सहायता प्रदान की गई।

विशेषज्ञों एवं अधिकारियों का सहयोग रहा अहम

इस शिविर के सफल आयोजन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. एस. मार्को, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रबंधक डॉ. पुष्पेंद्र राम के मार्गदर्शन में आरबीएसके नोडल अधिकारी डॉ. श्रीकांत, डीईआईसी प्रबंधक कमल नारायण सिंह, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप त्रिपाठी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. गिरिश पैंकरा, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. सुमन कुमार, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. आकांक्षा कौशल, डेंटल सर्जन डॉ. सुप्रिया टोप्पो, स्पेशल एजुकेटर नीरज कुमार साहू, सोशल वर्कर गीता चतुर्वेदी, लैब टेक्नीशियन सुलताना नुसरत, स्टाफ नर्स सपना चौधरी, ऑप्टोमेट्रिस्ट ज्ञानलता तिग्गा, एवं अटेंडर अजय कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

संबलपुर,चंदन नगर,साल्ही और हरियरपुर ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

पीसीबी ट्रॉफी अंतर्रग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट में तीसरे दिन रोमांचक मुकाबलों के बाद संबलपुर, चंदन नगर, साल्ही और हरियरपुर ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टूर्नामेंट में सभी टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, और दर्शकों को कड़े मुकाबले देखने को मिले। टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में संबलपुर ने हर्राटिकरा के सामने 4-0 से जित दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। संबलपुर की इस जीत में घनश्याम रजवाड़े ने हैट्रिक लगाते हुए 3 गोल किए, जबकि दिलबर सिंह ने 1 गोल कर टीम की जीत को और मजबूत किया। संबलपुर की आक्रामक रणनीति और मजबूत डिफेंस के आगे हर्राटिकरा की टीम कोई भी गोल नहीं कर सकी। दूसरे मुकाबले में चंदन नगर और वृंदावन के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। निर्धारित समय तक मुकाबला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। चंदन नगर की ओर से योगेंद्र ने 2 गोल, जबकि वृंदावन के लिए प्रशांत और अनुज ने 1-1 गोल दागे। मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट में हुआ, जहां दोनों टीमों ने 10-10 प्रयास किए।

अंततः चंदन नगर ने 3-2 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीसरे मुकाबले में साल्ही ने परसा को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस मैच में साल्ही के वामन सिंह पोर्ते ने एकमात्र और निर्णायक गोल किया, जिससे उनकी टीम को शानदार जीत मिली। अंतिम क्वार्टरफाइनल मुकाबले में हरिहरपुर और साल्ही (ब) आमने-सामने थे, जहां हरियरपुर ने 2-0 से जीत दर्ज की। हरियरपुर के लिए पन्ने सिंह उईके और गंगा सिंह श्याम ने 1-1 गोल कर टीम को जीत दिलाई। हरियरपुर की सधी हुई रणनीति और शानदार डिफेंस के कारण साल्ही बी कोई गोल नहीं कर पाई।

पद्म श्री जगेश्वर यादव का सम्मान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

वर्ष 2024 में पद्म विभूषण से महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित जशपुर निवासी पद्म श्री जगेश्वर यादव का आज अंबिकापुर स्थित शैलगिरी होटल में स्थानीय सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ताओं द्वारा सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन राजेश सिंह सिसोदिया (नंगे पांव) द्वारा किया गया। श्री यादव शुरू से ही नंगे पाँव रहते हैं, इन्हें बिरहोर जाति के सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक उत्थान हेतु पद्म श्री से नवाजा गया था। श्री यादव ने बताया कि वे 1980 से अनसुने व अनकहे बिरहोर जाति के उत्थान हेतु संघर्षरत हैं। हालिया पंचायत चुनावों में इस जाति के लोग सरपंच व पंच पदों पर निर्वाचित हुए हैं। पुराने समय में अत्यंत कठिन परिस्थितियों में काम करना पड़ता था, बिरहोरों की भाषा सर्वथा अलग है। इनमें भी उपजातियां हैं, अलग अलग स्थानों पर अलग अलग नामों से इस जाति के लोग जाने जाते हैं। इनका उद्गम सरगुजा के दमाली से हुआ था।

आयोजन कर्ताओं में प्रमुख रूप से आभा एक्का (भाजपा पार्षद प्रत्याशी वार्ड नंबर ग्यारह), भाजपा के वरिष्ठ व सक्रिय कार्यकर्ता विजय सोनी, भाजपा से जुड़ी श्रीमती पूजा पांडेय एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी श्रीमती नूर खाखा थीं। कार्यक्रम में अजिरमा क्षेत्र की नवनिर्वाचित जनपद सदस्य श्रीमती शोभा भगत को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उमंग महिला सशक्तिकरण समिति की कार्यकारी श्रीमती हिना खान एवं श्रीमती मनीषा वर्मा, श्री राधेश्याम यादव,श्री मुनेश्वर सिंह यादव, नीलेश गुप्ता, भरत दुबे,श्रीमती सिंगारू रजक, पार्वती सिंह,ललिता लुसिया खेस, सविता टोप्पो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

इंडिया लिनेस क्लब्स मल्टिपल प्रेसिडेंट की सुमन सिंह ने ली शपथ

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

आल इंडिया लिनेस क्लब्स के मल्टिपल सरगम जिसमे राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ प्रांत समाहित हैं का मल्टिपल शपथ ग्रहण समारोह एवम प्रथम केबिनेट मीटिंग का आयोजन रायपुर के होटल ट्राईटन में सम्पन्न हुआ । मल्टिपल के समस्त प्रांतों से आई हुई लीनेस इसकी साक्षी बनी। प्रेसीडेंट लीनेस सुमन सिंह को आल इंडिया लीनेस क्लब्स की प्रेसिडेंट चंद्रा अरोरा मुम्बई के मुख्य आतिथ्य में और शपथ अधिकारी अंजना जैन जयपुर के द्वारा बहुत ही गरिमा पूर्ण और अनूठे अंदाज़ में पद की शपथ दिलाई गई। साथही समस्त माइक्रो केबिनेट पदाधिकारी,डायरेक्टर, को ऑर्डिनेटर, चेयरपर्सन को भी उनके पद और कर्तव्यों कि शपथ दिलाई गई । मल्टिपल प्रेसिडेंट सुमनसिंह ने अपने सारगर्भित उदबोधन में कहा कि समाजसेवा का कार्य करने का सुअवसर कुछ ही लोगोंको प्राप्त होता हैं उन श्रेष्ठतम लोगोंमें

आप का नाम जुड़ा हुआ है ।आपके द्वारा जोसेवा कार्य किये जायेंगे वे कार्य समाज उपयोगी और समाज हित में होने चाहियें जरूरतमंदोके हित मे होने चाहिये। सेवा कार्य कम हो चलेंगे लेकिन समाज केलिए उपयोगी होने चाहिये इसवर्ष का मल्टिपल स्लोगन छू ले आसमान ओर मल्टिपल प्रोजेक्ट नेचर प्रकृति के अंतर्गत कार्य करने हेतु आपने आव्हान किया । मल्टिपल प्रेसिडेंट सुमन सिंह ने इस वर्ष एक मुट्ठी अनाज हर दिन एक्टिविटी करने के निर्देश समस्त क्लबों को दिए साथ ही प्रतिदिन एक्टिविटी करने वाले क्लब या लीनेस पदाधिकारीयों को कॉन्फ्रेंस में अवॉर्ड से सम्मानित करने का आव्हान किया आपने क्लब एक्सटेंशन ओर मेम्बरशिप ग्रोथ पर भी जोर दीया मल्टिपल प्रेसिडेंट सुमन सिंह इस सर्वोच्च पद पर पहुचने वाली इस अंचल की प्रथम लीनेस है जिन्हें यह गौरव प्राप्त हुआ है जो विगत 1986 से क्लब से जुडकर सतत सक्रिय रहते हुये सेवा कार्य कर रही है। कार्यक्रम दीपप्रज्वलन, राष्ट्रध्वज स्थापना, ओर ध्वजवंदना,राष्ट्रगान लिनेस प्रार्थना से प्रारम्भ हुवा । भिलाई क्लब द्वारा बहुत ही सुंदर सर्वधर्मसमभाव नाटक कि प्रस्तुति प्रस्तुत की गईं । कार्यक्रम में

अधिक दूरी,अधिक उपस्थिति, श्रेष्ठ प्रस्तुति, श्रेष्ठ वेष भूषा,बेस्ट चेरपर्सन हेतु सम्मानित किया गया । इस अवसर पर पूर्व मल्टिपल प्रेसीडेन्ट सुनीता फरक्या ने अवार्ड वितरित किये कार्यक्रम में माला पाल, सचिव प्रशासनिक,शबाना नाज सचिव सेवागतिविधि,उषा अरोरा कोषाध्यक्ष,मृदुला रोजिन्दार चिफ एडवायजर,डॉ नीतू सिंह,माला शुक्ला ,लता चौधरी ,निर्मला ध्रूव, सुमिता पांडे,सबलीन बाबरा ,सीमा सिंह, भारती सिंह ,गीता प्रसाद ,मंगला असावा , सरोज गुप्ता,रश्मि अग्रवाल,अंजनासिंह,साधना भंडारी आदि का सक्रिय सहयोग रहा । कार्यक्रम संचालन सोनाली ओस्तवाल ओर नेहा सालोमन ने कियाआभार प्रदर्शन वाइस मल्टिपल प्रेसिडेंट अंजना सिंघल ने किया इस अवसरपर सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जयपुर,उदयपुर, जालोर, कोटा ग्वालियर, इंदौर, गुना, खरगोन,जावरा, खंडवा, उज्जैन, अशोकनगर, सतना, मैहर, राजनांदगांव दुर्ग भिलाई रायपुर ,कांकेर, रायगढ़, कोरबा बिलासपुर, अम्बिकापुर, शहडोल ,बेमेतरा आदि शहरोंसे लिनेस बहने उपस्थित हुई ।

हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को थाना प्रतापपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

-संवाददाता-
सूरजपुर,28 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

जिले के ग्राम बरबसपुर प्रतापपुर निवासी गोपाल प्रसाद ने थाना प्रतापपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी बहन फुलमेत कमजोर दिमाग की थी जो अपने ससुराल आकर करीब 5 वर्ष से इसके पुराने घर में अकेले रहती थी तथा बड़बराते रहती थी, सुबह इसका लड़का बताया कि दिनांक 26.फरवरी के रात अपने पुराना घर में गया था जहां फुलमेत उसे अनावश्यक गाली-गलौज कर रही थी जिससे गुस्सा होकर बुआ फुलमेत को मारकर हत्या कर दिया तब यह मौके पर जाकर देखा कि फुलमेत वहां मृत अवस्था में पड़ी हुई है। प्रार्थी की सूचना पर मर्ग कायमी उपरान्त अपराध क्रमांक 32/25 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

मामले की सूचना पर डीआईजी एवं एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने प्रकरण के आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। थाना प्रतापपुर पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए दबिश देकर आरोपी सुखसागर पिता गोपाल प्रसाद उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम बरबसपुर दबगड़ी थाना प्रतापपुर को पकड़ा। पूछताछ पर उसने हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टांगी एवं लकड़ी का फराटी जप्त कर उसे गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर सौरभ उईके के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, एसआई संदीप सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज केरकेट्टा, आरक्षक अवधेश कुशवाहा, राजेश तिवारी, विरेन्द्र कुजूर सक्रिय रहे।

शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता को दिलाने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण:मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री से नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों ने की सौजन्य मुलाकात

-संवाददाता-
जशपुरनगर,28 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज यहां उनके निज निवास बगिया में जनपद पंचायत क्षेत्र फरसाबहार और कांसाबेल के नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सभी नवनिर्वाचित बीडीसी को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने उन्हें जनसेवा के कार्य पूरी निष्ठा से करने और जनता के अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संदेश भी दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए शासन की बहुत सी योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं की मदद से क्षेत्र का विकास करने के साथ ही आम जनता को इसका लाभ दिलाने में आप सब की भूमिका महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बगिया में अन्वेषण कार्यक्रम का किया अवलोकन

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर प्रदेश के युवा विद्यार्थियों को शिक्षक एवं विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए सशक्त बनाने का संदेश दिया। उन्होंने अन्वेषण कार्यक्रम का अवलोकन किया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित अन्वेषण कार्यक्रम के तहत एमेच्योर राकेट्री वर्कशॉप, स्टार्गेजिंग , अंतरिक्ष ज्ञान अभियान, विद्यार्थियों के लिए एआई क्लब और प्रशिक्षण,स्पेश ऑन व्हील्स, कम्प्यूटर शिक्षकों हेतु एआई वर्कशॉप,3 डी प्लानेटोरियम शो आदि कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस अवसर पर नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि गण, जनसंपर्क आयुक्त डॉ. रवि मित्तल कलेक्टर श्री रोहित व्यास एस एस पी श्री शशि मोहन सिंह और आम नागरिक उपस्थित थे।

विज्ञान प्रदर्शनी में छात्राओं द्वारा निर्मित मॉडल ऑटोमेटिक वॉटर डिस्पेंसर मशीन को नवाजा प्रथम स्थान

-संवाददाता-
सूरजपुर,28 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर द्वारा प्रायोजित तथा विज्ञान से होने वाले लाभ के प्रति समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोच पैदा करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सूरजपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच. एन. दुबे के निर्देशन एवं कार्यक्रम समन्वयक टी.आर. राहंगडाले के मार्गदर्शन में इस वर्ष की थीम एम्पावरिंग इंडियन यूथ फॉर ग्लोबल लीडरशिप इन साइंस एंड इनोवेशन फॉर विकसित भारत पर जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने मॉडल्स का प्रदर्शन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी हेतु गठित निर्णायक मण्डल द्वारा मॉडल्स को विभिन्न मापदंडों की कसौटी में परखतें हुए शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की छात्राओं सादिया परवीन एवं अन्य द्वारा निर्मित मॉडल ऑटोमेटिक वॉटर डिस्पेंसर मशीन को प्रथम स्थान से नवाजा। कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में डॉ. रविशंकर चौहान, सहायक प्राध्यापक (वनस्पति विज्ञान) शासकीय महाविद्यालय, भैयाथान उपस्थित रहे तथा महाविद्यालयीन समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी की सक्रिय सहभागिता रही।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित बोर्ड की परीक्षाएं आज

-संवाददाता-
बलरामपुर,28 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 01 मार्च से प्रारंभ होगा और यह परीक्षा 28 मार्च 2025 तक चलेगा। इसी प्रकार हाईस्कूल मुख्य परीक्षा 03 मार्च से 24 मार्च तक होगी। इन परीक्षाओं के लिए प्रातः 09 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिले में 59 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, जहां 10वीं के 9373 एवं 12वीं के 7063 कुल 16 हजार 436 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों में सतत निगरानी, निरीक्षण एवं अनुचित साधनों के उपयोग को रोकने हेतु जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय निरीक्षण दल का गठन भी किया गया है।

शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का हुआ समापन

-संवाददाता-
सूरजपुर,28 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर में 1 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 का समापन हुआ। आज समापन दिवस पर विद्यार्थियों के द्वारा विज्ञान मॉडल एवं वेस्ट मटेरियल से उपयोगी वस्तुओं के निर्माण विषय पर प्रतियोगिता रखी गई थी, साथ ही आज के कार्यक्रम में शोध के लिए प्रेरित करने हेतु विषय विशेषज्ञ का व्याख्यान भी आयोजित किया गया। यह व्याख्यान डॉ. रविशंकर चौहान सहायक प्राध्यापक,वनस्पति शास्त्र,शासकीय पं. रविशंकर त्रिपाठी महाविद्यालय भैयाथान,जिला सूरजपुर के द्वारा दिया गया। विज्ञान मॉडल में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के उपयोगी वस्तुओं एवं विज्ञान के सिद्धांतों को प्रदर्शित किया। विषय विशेषज्ञ द्वारा विज्ञान मॉडल का निरीक्षण किया गया तथा उनसे विभिन्न प्रश्न पूछे। प्रतिभागियों ने प्रश्नों का उत्तर दिया तथा अपने मॉडल की उपयोगिता को भी समझाया। यह कार्यक्रम सी कास्ट रायपुर एवं डी एस टी नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित किया गया है। डी एस टी, कोऑर्डिनेटर डॉ. जे.के. राय मैडम द्वारा समय-समय पर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदाय किए गए, जिनका पालन महाविद्यालय के कार्यक्रम में किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच. एन. दुबे द्वारा विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति रुचि रखते हुए सामाजिक समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक शोध कार्य करने हेतु प्रेरित किया। समापन कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक अतिथि व्याख्याता एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम भारत के युवाओं को विज्ञान और नवाचार में ग्लोबल स्तर पर अग्रणी बनने हेतु प्रेरित करने के लिए आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के महान वैज्ञानिक सर सीवी रमन को याद किया गया। यह कार्यक्रम सर सीवी रमन द्वारा की गई रमन प्रभाव की खोज के सम्मान में आयोजित किया जाता है।

जिले के 46 केन्द्रों में आज से बोर्ड परीक्षा प्रारंभ

-संवाददाता-
एमसीबी,28 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा 1 मार्च 2025 से बोर्ड परीक्षा प्रारम्भ किया जा रहा है। एमसीबी जिले के जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि 1 मार्च 2025 से प्रारम्भ बोर्ड परीक्षा हेतु 46 केन्द्र निर्धारित किया गया है तथा जिले में कक्षा 10 वीं के 5153 छात्र/छात्राओं तथा कक्षा 12 वीं के 3913 कुल 9066 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री मिश्रा ने बताया कि पूर्व में माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा गोपनीय सामग्री का वितरण कर नजदीकी पुलिस थानों में सुरक्षित रखा दिया गया है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा अधिकारी व विकासखण्ड स्तर पर उड़न दस्ता दल की नियुक्ति कर दी गई है।

बसदेई में पंजीकरण कैम्प का हुआ आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर,28 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में जिले के मत्स्य किसानों को प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि योजना (पीएमएमकेएसवाई) के तहत एन.एफ.डी.पी. पोर्टल पर पंजीयन हेतु लाभ प्रदान करने वृहद पंजीकरण कैम्प का आयोजन शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बसदेई में किया गया। जिसमें किसान क्रेडिट कार्ड 04 प्रकरण, मत्स्यजीवी दुर्घटना बीमा 20 एवं एन.एफ.डी.पी. पोर्टल में 10 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया तथा प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि योजना एवं शासन के द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दिया गया। कैम्प में श्री आनंद मिंज जिला अग्रणी प्रबंधक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया सूरजपुर के द्वारा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध में संबंधित किया गया। साथ ही जिले में बैंक संबंधित किसी प्रकार की समस्या हो तो सीधे अवगत कराने हेतु कहा गया। श्री एम.एस. सोनवानी सहायक संचालक मछली पालन के द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड, एक्वा इंश्योरेंस मत्स्यजीवी दुर्घटना बीमा के साथ-साथ विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने एवं वृहद पंजीयन कराने हेतु आहवान किया गया।

कैंप के दौरान श्री डिगेश्वर सिंह मत्स्य निरीक्षक, श्री मुकेश कुमार राजवाड़े, श्री छोटेलाल तिर्की मत्स्य जमादार, श्री अजय साहू, श्री रूकमणीरमण तिवारी एवं जिले के पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति, सीएससी के प्रतिनिधि, मछुआ समूह एवं व्यक्तिगत वर्ग के 100 मत्स्य कृषक उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्ति पर प्रधान पाठक को सम्मानित कर प्रदान किया गया पेंशन अदायगी आदेश

-संवाददाता-
जशपुरनगर,28 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

कांसाबेल के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को अपने लंबे सेवा काल के उपरान्त सेवानिवृत्त होने पर शासकीय माध्यमिक शाला खारपानी, कांसाबेल के प्रधान पाठक बालानंद साय पैंकरा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कांसाबेल के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गोपाल राम के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर उनका सम्मान किया गया। उन्होंने प्रधान पाठक के द्वारा उनके सेवा काल में विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना भी की। इसके साथ ही उन्होंने बालानंद साय पैंकरा को पेंशन अदायगी आदेश भी प्रदान किया और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। उल्लेखनीय है कि शासन की पहल पर सेवानिवृत्त हो रहे जिले के शासकीय सेवकों को उनकी शासकीय सेवाकाल की समाप्ति के समय पर ही पेंशन अदायगी आदेश (पीपीओ) प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार सभी सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों को अपने पेंशन के लिए ना भटकना पड़े इसके लिए अब तत्काल पेंशन अदायगी आदेश प्रदान किये जा रहे हैं। प्रशासन की कोशिश है कि सेवानिवृत्ति के साथ ही सम्बंधित शासकीय सेवकों को लंबे समय तक शासकीय सेवा के परिश्रम से अर्जित सभी स्वत्वों का समय पर भुगतान किया जाए।

कुदरगढ़ महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर,28 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

चैत्र नवरात्र पर आयोजित होने वाले कुदरगढ़ महोत्सव की तैयारियां सुनियोजित तरीके से हो, इसके लिए कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें कुदरगढ़ महोत्सव आयोजन के संबंध में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में कार्यक्रम स्थल में साफ सफाई, बिजली व्यवस्था, पानी व्यवस्था और पार्किंग व्यवस्था के बेहतर इंतजाम को लेकर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। कलेक्टर द्वारा कुदरगढ़ मंदिर के आस पास के परिक्षेत्र के दुकानदार के साथ एसडीएम व जनपद सीईओ को बैठक लेने के निर्देश दिये गए। जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने और बेहतर सफाई प्रबंधन हेतु सभी को डस्टबिन रखने हेतु प्रेरित करने की बात कही गई। चैत्र नवरात्र की अवधि में मां बागेश्वरी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध हो, कलेक्टर ने इस बात पर विशेष ध्यान देने की बात कही। बैठक में डीएफओ श्री पंकज कमल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, एसडीएम श्री सागर सिंह, संभाग प्रभारी अधिकारी पर्यटन श्री आशीष वर्मा, ओड़गी जनपद सीईओ श्री नृपेंद्र सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

न्यायालय तहसीलदार अबिकापुर-
जिला-सरगुजा (छ0ग0)

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जता है कि आवेदक पदुम राम आ0 स्व0 बीराराम निवासी बैगा पारा ठाकुरपुर थाना अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर ने कराया है कि आवेदक के (पिता) स्व0 बीरा राम आ0 माधो की दिनांक 07/03/2019 को स्थान निवास में हुई है।

आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयक नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर पर न्यायालीन मुद्रा से जारी।

सील
तहसीलदार
अंबिकापुर

न्यायालय नायब तहसीलदार
अबिकापुर-2,जिला-सरगुजा(छ0ग0)

रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमृत पिता मोहरसाय, निवासी ग्राम रजपुरीखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115,116 के अंतर्गत आवेदन श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 674 रकबा 0.165 हे0 ग्राम रजपुरीखुर्द में स्थित है। उक्त भूमि के वर्तमान राजस्व अभिलेखों में आवेदक का नाम त्रुटिवश छूट गया है, जबकि पूर्व में उक्त भूमि आवेदक के ना पर दर्ज था। आवेदक द्वारा राजस्व अभिलेखों में हुए उक्त त्रुटि को सुधार करते हुए अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जो जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/06/2025 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
नायब तहसीलदार
अंबिकापुर-2

बॉलीवुड के मशहूर गायक शान की सुरीली आवाज पर जमकर झूमे दर्शक

-संवाददाता-
कोरबा,28 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

पाली महोत्सव के समापन अवसर पर बॉलीवुड के मशहूर गायक शान के गीतों ने समा बांधा...उनके गीतों पर दर्शक जमकर झूमे...शान की सुरीली आवाज ने दर्शकों का मन मोह लिया और दर्शक उनके गीतों में खूब नाचे। शान ने मैं हूँ डॉन गाने के साथ मंच पर प्रवेश किया। दर्शकों से रूबरू होते हुए उन्होंने भगवान शिव की वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। लोकप्रिय छत्तीसगढ़ी गीत छूनुर छुनुर पैरी बाजे.. गीत से उन्होंने पाली के लोगों समन्वय बनाया। चार कदम बस चार कदम चल दो ना साथ मेरे, चांद सिफारिश जो करता हमारी,.. हे शोना हे शोना,. दिवानगी दिवानगी,ओम शांति ओम,दिल ने तुमको चुन लिया है,.. तन्हा दिल तन्हा सफर,. जैसे अनेक लोकप्रिय गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। शान के सुरीली आवाज सुनकर दर्शक खुद को झूमने से नही रोक सके और सभी दर्शक झूमने लगे। शान ने कहा कि यह उनके लिए बड़े हर्ष की बात है कि भगवान शिव की नगरी पाली में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर उन्हें कार्यक्रम प्रस्तुत करने का अवसर मिला है। पाली में भगवान भोलेनाथ का बहुत प्राचीन मंदिर है जो कि अपनी एक अलग पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि कुछ माह पूर्व ही वे रायपुर में राज्योत्सव में प्रस्तुति देने आए थे, उसके बाद कोरबा के खूबसूरत शहर पाली में परफार्म करने आए है। उन्होंने पाली की खूबसूरती की तारीफ करते हुए कहा कि यहां की वादियां बहुत अच्छी है, शहर के चकाचौंध से दूर यहां एक से एक दिलकश नजारे है। हवा की ताजगी से एक नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। शान ने लोगों को इस खूबसूरत शहर को हमेशा स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

बस स्टैण्ड एवं स्कूलों के आस-पास की गयी चालानी कार्रवाई

Havmor
ICE CREAM

-संवाददाता-
एमसीबी,28 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अविनाश खरे व जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र सोनी के मार्गदर्शन में कोटपा एक्ट 2003 के नियमों के पालन हेतु विकासखंड मनेंद्रगढ़ अंतर्गत बस स्टैंड के स्कूलों के आसपास में पान दुकानों, थोक किराना स्टोर्स आदि में धारा 4 व 6 के तहत कुल 11 चालानी कार्रवाई करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई। सिगरेट/तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। कोटपा नियमों का पालन करने हेतु समझाइश दी गई। दल का प्रतिनिधित्व डॉ. कीर्ति चौहान (जिला नोडल अधिकारी एनटीपीसी) डॉ. विक्की टोप्पो,आलोक मिंज, खाद्य निरीक्षक विनोद कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया। दल के रूप में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग के सदस्य शामिल थे।

कोरिया में आरोग्यम निकुष्ठ अभियान का शुभारंभ

कुष्ठ रोग उन्मूलन की दिशा में बड़ा कदम

-संवाददाता-
कोरिया,28 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

जिले में कुष्ठ रोग उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत आरोग्यम निकुष्ठ अभियान का शुभारंभ किया गया।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित इस अभियान की शुरुआत जिला स्तरीय कार्यशाला से हुई, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को कुष्ठ रोग की पहचान,रोकथाम और उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री अशरफ अंसारी ने कुष्ठ रोग के लक्षण,इसके प्रकार और संक्रमण के तरीकों पर प्रकाश डाला। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. अनित बखला ने इस रोग के उपचार और मरीजों को दी जाने वाली मुफ्त दवाइयों के बारे में बताया।

इस अवसर पर कुष्ठ रोग से ठीक हो चुके कुष्ठ वॉरियर्स ने अपने अनुभव साझा किए और स्वास्थ्य विभाग से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर ने इन वॉरियर्स को शॉल,श्रीफल और सेल्फ केयर किट भेंट कर सम्मानित किया। इस अभियान के माध्यम से जिले में कुष्ठ रोग की पहचान और रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे समाज के हर व्यक्ति को स्वस्थ जीवन जीने का अवसर मिले। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जितेंद्र गुप्ता, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग श्रीमती उषा लकड़ा, जिला श्रम अधिकारी, जिला महिला बाल विकास अधिकारी,जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री अशरफ अंसारी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रेष्ठ मिश्रा, एपिडेमियोलॉजीस्ट डॉ. अभय जूगल किशोर तिर्की, सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

घर-घर होगी स्क्रीनिंग,मरीजों को मिलेगा निःशुल्क उपचार

इस अभियान के तहत जिलेभर में स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर कुष्ठ रोग की स्क्रीनिंग करेंगे। संभावित मरीजों की पहचान होने पर उन्हें निकटतम स्वास्थ्य केंद्र भेजा जाएगा, जहां तत्काल निशुल्क दवा उपलब्ध कराई जाएगी। अभियान को छह चरणों में निष्पादित किया जाएगा, जिससे जिले में कुष्ठ रोग के प्रभावी उन्मूलन की दिशा में ठोस कार्य हो सके।

प्रचार रथ को हरी झंडी, कुष्ठ वॉरियर्स को किया गया सम्मानित

अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिविल सर्जन, अस्पताल अधीक्षक, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग, जिला श्रम अधिकारी और जिला महिला बाल विकास अधिकारी ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णतः रहेगा प्रतिबंधित

-संवाददाता-
सूरजपुर,28 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एस जयवर्धन जिला मजिस्ट्रेट द्वारा छत्तीसगढ़ कोलहाल नियंत्रण अधिनियम, 1985 की धारा 5 के तहत ध्वनि विस्तारक यंत्र का चलाना या चलवाया जाना प्रतिबंधित किया गया है। गौरतलब है कि शालेय एवं महाविद्यालयीन परीक्षाएं प्रारंभ होने वाली हैं तथा विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा की तैयारी की जा रही है। आम जनता द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग मानक सीमा से अधिक आवाज, ऊंची आवाज में किये जाने से विद्यार्थियों को पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होता है। इसके अतिरिक्त बुजूर्ग, दुर्बल एवं बीमार व्यक्ति चाहे वे किसी संस्था, अस्पताल या घर में हों, को अत्यधिक परेशानी होती है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों का मनमानी तरीके से उपयोग की सुविधा नहीं दी जा सकती है। विशेष परिस्थितियों में क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी से अनुमति प्राप्त कर धीमी आवाज में लाउडस्पीकर का उपयोग किया जा सकता है, किन्तु रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे के मध्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

नव संकल्प शिक्षण संस्थान हेतु प्रवेश परीक्षा 2 मार्च को

-संवाददाता-
जशपुरनगर,28 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

नव संकल्प शिक्षण संस्थान हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 2 मार्च को जिला कलेक्टर श्री रोहित व्यास के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। नव संकल्प शिक्षण संस्थान में नए रेलवे बैच एवं पुलिस बैच हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 2 मार्च 2025 को दोपहर 2 बजे से 3रू15 तक जिले के 4 केंद्रों में किया जाएगा प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन फॉर्म भरे जा चुके हैं एवं रोल नंबर भी जारी किये जा चुके हैं। अभ्यर्थी अपना रोल नंबर नव संकल्प के व्हाट्सएप और टेलीग्राम ग्रुप से प्राप्त कर सकते हैं . परीक्षा का आयोजन निम्न केन्द्रों में किया जाएगा.

IMAGE CREATION 77726 77726
छत्तीसगढ़ के जनप्रिय नेता एवं कैबिनेट मंत्री
मान. श्री रामविचार नेताम जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक शुभकामनायें
01 मार्च
विनीत - भारतीय जनता पार्टी, जिला - सरगुजा

टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में होगा बदलाव

» धाकड़ खिलाड़ी ऋषभ पंत की हो सकती है एंट्री

नई दिल्ली,28 फरवरी 2025। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुकी है। हालांकि उसे दो मार्च को न्यूजीलैंड से भिड़ना है। वैसे तो ये मैच दोनों टीमों के लिए महत्वहीन है, लेकिन इसी मैच से ये तय होगा कि ग्रूप ए की नंबर वन और दूसरे नंबर की टीम कौन सी होगी। इसी आधार पर ये भी पता चलेगा कि टीम इंडिया सेमीफाइनल में किससे भिड़ेगी। इस बीच न्यूजीलैंड के मैच में भारतीय टीम की की प्लेइंग इलेवन में बदलाव हो सकता है। अभी तक जो खिलाड़ी बेंच पर बैठा हुआ था, उसे मौका दिया जा सकता है।

रोहित शर्मा की हैमस्ट्रिंग में परेशानी

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा जब पाकिस्तान के खिलाफ खेल रहे थे, तब उनकी हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी। जब भारतीय टीम फील्डिंग कर रही थी, तब उन्हें कुछ देर के लिए ड्रेसिंग रूम भी जाना पड़ा, हालांकि कुछ ही देर बाद वे वापस आए। इसके बाद जब भारत ने बल्लेबाजी की तो उसमें भी रोहित शर्मा सलामी बल्लेबाज के तौर पर ही उतरे। लेकिन उनकी हैमस्ट्रिंग पूरी तरह से ठीक है कि नहीं, इसको लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। पिछले ही दिन खबर आई थी कि रोहित शर्मा ने गुरुवार को टीम के साथ मैदान में उतरकर प्रैक्टिस नहीं की। वैसे तो चिंता की कोई बात नहीं है, लेकिन ऐहतियात के तौर पर ऐसा किया गया है। अब न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले में उन्हें रेस्ट दिया जा सकता है। ताकि सेमीफाइनल के लिए वे पूरी तरह से फिट होकर मैदान में उतरें। ये मैच काफी महत्वपूर्ण होगा।

तीन दिन में ही भारत को खेलने हैं दो वनडे मुकाबले

भारत का अगला मैच 2 मार्च को है और सेमीफाइनल मुकाबला 4 मार्च को खेला जाएगा। यानी तीन दिन के भीतर ही भारत को दो मैच खेलने हैं। इस दौरान खिलाड़ियों की फिटनेस का भी ध्यान रखना होगा। अगर रोहित शर्मा को आराम दिया जाता है तो शुभमन गिल भारतीय टीम की कमान संभालते हुए दिखाई दे सकते हैं। वे अभी टीम के उपकप्तान हैं तो कप्तानी के सबसे बड़े दावेदार भी वे ही हैं। इस बीच रोहित की जगह ऋषभ पंत को मौका दिया जा सकता है। ऋषभ पंत ओपनिंग करेंगे कि नहीं, ये तो बाद की बात है, क्योंकि टीम मैनेजमेंट चाहे तो केएल राहुल से भी पारी का आगाज करा सकता है। राहुल पहले भी ओपनिंग करते रहे हैं।

ऋषभ पंत को पहली बार मिलेगा चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने का मौका

ऋषभ पंत नंबर पांच और छह पर खेलने के लिए फिट रहेंगे। वैसे भी टॉप आर्डर में कोई बाएं हाथ का बल्लेबाज नहीं है, इसलिए अक्षर पटेल को केएल राहुल से पहले बल्लेबाजी के लिए भेजा जाता है। अगर पंत टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में आते हैं तो बाएं हाथ के बल्लेबाज की टेंशन भी दूर हो जाएगी। पंत ने अभी तक चैंपियंस ट्रॉफी का कोई भी मुकाबला नहीं खेला है, इसलिए उन्हें खेलने का मौका दिया जा सकता है। पंत जिस तरह की विस्फोटक बल्लेबाजी करते हैं, वे पूरी दुनिया जानती है, लेकिन भारत के पास इतने टेलेंटेड खिलाड़ी हैं कि पंत को बाहर बैठना पड़ रहा है। भले ही अगला मुकाबला ज्यादा अहम ना हो, लेकिन टीम चाहेगी कि जीत के अभियान को जारी रखते हुए ही सेमीफाइनल में उतरा जाए। देखना होगा कि क्या भारत की प्लेइंग इलेवन में कुछ बदलाव नजर आते हैं या फिर रोहित शर्मा ही फिट होकर मैदान में उतरते हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले के लिए भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन

शुभमन गिल, केएल राहुल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋ षभ पंत, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

जल्दी बाहर होने के बावजूद पाकिस्तान टीम को मिलेंगे 2.31 करोड़

रावलपिंडी,28 फरवरी 2025। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम का सफर शर्मनाक तरीके से खत्म हुआ, क्योंकि मेजबान टीम टूर्नामेंट में एक भी मैच जीतने में विफल रही। मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ अपने दोनों शुरुआती मैच गंवा दिए। बांग्लादेश के खिलाफ उनका आखिरी मैच बारिश के कारण रद्द हो गया, जिससे उन्हें तीन मैचों में सिर्फ एक अंक मिला। अपने खराब प्रदर्शन के बावजूद, पाकिस्तान को अभी भी द्घष्टि से पुरस्कार राशि मिलेगी। टूर्नामेंट का कुल पुरस्कार पूल 6.9 मिलियन (लगभग ₹57 करोड़) है, जिसमें भाग लेने वाली प्रत्येक टीम को सिर्फ़ खेलने के लिए .125,000 (लगभग ₹1.08 करोड़) की गारंटी दी गई है। चूँकि पाकिस्तान या तो 7वें या 8वें स्थान पर रहेगा, इसलिए उन्हें अतिरिक्त .140,000 (लगभग ₹1.23 करोड़) मिलेंगे। कुल मिलाकर, मेन इन ग्रीन 265,000 (लगभग ₹2.31 करोड़) घर ले जाएगा।

पीसीबी ने जारी किया पीएसएल 2025 का शेड्यूल

» आईपीएल से होगा सीधा टकराव

रावलपिंडी,28 फरवरी 2025। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान का सफर ग्रूप स्टेज में ही समाप्त हो गया। मेजबान टीम इस टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं जीत सकी। जैसे ही पाकिस्तान के लिए चैंपियंस ट्रॉफी का सफर खत्म हुआ वैसे ही पीसीबी ने पाकिस्तान सुपर लीग के आगामी सीजन का शेड्यूल जारी कर दिया है। यह पीएसएल का 10वां सीजन होगा, जिसकी शुरुआत 11 अप्रैल से होगी। इसका मतलब है कि जब भारत में आईपीएल खेला जा रहा होगा, तब पाकिस्तान के प्लेयर्स पीएसएल खेलेंगे।

18 मई को खेला जाएगा पीएसएल 2025 का फाइनल

पीएसएल के 10वें सीजन का आगाज 11 अप्रैल से होगा। इस सीजन के सभी मुकाबले पाकिस्तान के चार शहर मुल्तान, लाहौर, रावलपिंडी और कराची में खेले जाएंगे। सीजन का पहले मैच में डिफेंडिंग चैंपियन इस्लामाबाद यूनाइटेड रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में दो बार के चैंपियन लाहौर कलंदर्स का सामना करेगी। छह टीमों के बीच खेला जाने वाला ये टूर्नामेंट 11 अप्रैल से 18 मई तक चलेगा, जिसमें टोटल 34 मैच होंगे। इस सीजन में लाहौर का गद्दाफी स्टेडियम 13 मैचों की मेजबानी करेगा। इसी मैदान पर दो एलिमिनेटर और फाइनल मुकाबले भी खेले जाएंगे। इसके अलावा, आगामी संस्करण में एक प्रदर्शनी मैच भी होगा, जो 8 अप्रैल को पेशावर में खेला जाएगा। इस मैच के लिए टीम को लेकर फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

रावलपिंडी में खेले जाऐंगे 11 मुकाबले

रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम इस सीजन 11 मैचों की मेजबानी करेगा। इस मैदान पर 13 मई को क्वालीफायर मैच खेला जाएगा। कराची का नेशनल बैंक स्टेडियम और मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम भी पांच-पांच मैचों की मेजबानी करेगा। इस सीजन पीएसएल में तीन डबल-हेडर भी होंगे। वहीं लीग के पांचवें संस्करण के विनर कराची किंग्स 12 अप्रैल को अपने घरेलू मैदान पर 2024 के उपविजेता मुल्तान सुल्तांस के खिलाफ मैच के साथ अपने टूर्नामेंट का आगाज करेंगे। पीएसएल 2017 के चैंपियन पेशावर जाल्मी अपने पांच मैच रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेलेंगे, जबकि चौथे संस्करण की विजेता टीम क्वेटा ग्लैडिएटर्स लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पांच मैच खेलेगी।

आरसीबी की हार का सिलसिला जारी

कप्तान गार्डनर के अर्धशतक से गुजरात जायंट्स ने हासिल की जीत

बेंगलुरु,28 फरवरी 2025। कप्तान एशली गार्डनर की अर्धशतकीय पारी से गुजरात जायंट्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी20 मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को छह विकेट से हराकर मौजूदा सत्र में दूसरी जीत दर्ज की। आरसीबी को सात विकेट पर 125 रन पर रोकने के बाद गुजरात की टीम ने 16.3 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। गार्डनर ने 31 गेंद में 58 रन की पारी में छह चौके और तीन छक्के जड़े। गार्डनर ने फोबे लिचफील्ड (नाबाद 30) के साथ चौथे विकेट के लिए 36 गेंद में 51 रन की साझेदारी कर मैच को आरसीबी की पकड़ से दूर कर दिया। आरसीबी की यह लगातार तीसरी हार है।

टीम इंडिया के लिए आसान नहीं होगा न्यूजीलैंड से पार पाना

» अब तक आईसीसी इवेंट्स में ऐसा रहा है रिकॉर्ड

नई दिल्ली,28 फरवरी 2025। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में 2 मार्च को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ग्रूप-ए के आखिरी मुकाबले में भारत और न्यूजीलैंड की टीम के बीच में भिड़ंत होगी। दोनों ही टीमों ने टूर्नामेंट में अपने शुरुआती दोनों ही मुकाबलों में जीत हासिल करने के साथ पहले ही सेमीफाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया है। ऐसे में इस मैच में जो भी टीम जीत हासिल करेगी वह ग्रुप स्टेज में टॉप पर रहते हुए खत्म करेगी। भारतीय टीम का अभी तक शुरुआती दोनों मैच में मैदान पर शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है तो वहीं कीवी टीम ने भी कुछ इसी तरह का खेल दिखाया है। ऐसे में इस मैच में टीम इंडिया और न्यूजीलैंड दोनों की ही कोशिश सेमीफाइनल मुकाबले से पहले अपनी जीत की लय को बरकरार रखने पर होगी। भारतीय टीम का अब तक आईसीसी के तीनों ही इवेंट्स में न्यूजीलैंड के खिलाफ रिकॉर्ड अधिक बेहतर देखने को नहीं मिला है।

चैंपियंस ट्रॉफी में अब तक सिर्फ एक बार हुई है भिड़ंत

भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में अब तक सिर्फ एकबार भिड़ंत हुई है जब साल 2000 में दोनों टीमों के बीच इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया था। इस मैच में कीवी टीम ने जीत हासिल करने के साथ ट्रॉफी जीती थी। वहीं अब 25 साल के बाद दोनों ही टीमों का आमना सामना इस टूर्नामेंट में हो रहा है। आईसीसी के वनडे टूर्नामेंट में भारत और न्यूजीलैंड के बीच रिकॉर्ड को देखा जाए तो उसमें से 11 मैच खेले गए हैं, जिसमें न्यूजीलैंड ने 6 जबकि टीम इंडिया ने चार में जीत हासिल की है, जबकि एक मुकाबला रद्द रहा है।

टी 20 वर्ल्ड कप और डब्ल्यूटीसी में भी न्यूजीलैंड का रिकॉर्ड बेहतर

भारतीय टीम का न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी वनडे टूर्नामेंट के अलावा आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भी रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। टी20 वर्ल्ड कप में भारत और न्यूजीलैंड के बीच अब तक तीन मुकाबले खेले गए हैं और तीनों में कीवी टीम को जीत हासिल हुई है। वहीं वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में दोनों टीमों के बीच 8 मुकाबले खेले जा चुके हैं, जिसमें से भारतीय टीम को जहां एक में जीत हासिल हुई है तो वहीं कीवी टीम ने 6 मैचों को अपने नाम किया है, जबकि एक मुकाबला ड्रॉ पर खत्म हुआ है।

आईपीएल की तैयारी के लिए पैट कमिंस ट्रेनिंग पर लौटे

मेलबर्न,28 फरवरी 2025। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान और दाएं हाथ के तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी 2025 संस्करण और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए खुद को तैयार करते हुए गेंदबाजी करना शुरू कर दिया है। कमिंस को भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के दौरान टखने में चोट लग गई थी। उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर कर दिया गया था, लेकिन व्यस्त सत्र में अपनी फिटनेस को लेकर आशावादी हैं। कमिंस ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, ÷टखना पूरी तरह से मजबूत है, इसे अच्छा आराम देने में सक्षम हूं और फिर धीरे-धीरे ठीक हो रहा है, जो आपको बहुत अधिक क्रिकेट खेलने पर नहीं मिलता है। यह काफी समय से उतना ही मजबूत महसूस हो रहा है।

चैंपियंस ट्रॉफी के बाद 3 बार आपस में भिड़ेंगी भारत और पाकिस्तान की टीमें

नई दिल्ली,28 फरवरी 2025। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में कुछ दिन पहले भारत और पाकिस्तान का आमना-सामना हुआ। भारतीय टीम ने पाकिस्तान को आसानी से हरा दिया। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है, लेकिन पाकिस्तान का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया है। बहरहाल, क्रिकेट फैंस के जेहन में सवाल है कि अब भारत और पाकिस्तान की टीमें कब आमने-सामने होंगी? मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एशियन क्रिकेट काउंसिल ने एशिया कप पर मुहर लगा दी है। इस टूर्नामेंट का आयोजन सितंबर में हो सकता है। वहीं एशिया कप की मेजबानी श्रीलंका को मिल सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एशिया की मेजबानी श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात को मिल सकती है। साथ ही टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि एशिया कप में भारत-पाकिस्तान समेत अन्य 8 टीमों को दो ग्रूप में बांटा जाएगा। भारत और पाकिस्तान सेम ग्रुप में होंगे। अगर ऐसा हुआ तो भारत और पाकिस्तान की टीमें टूर्नामेंट में 3 बार आमने-सामने हो सकती हैं।

भारत और पाकिस्तान की टीमें ग्रूप मैच के अलावा सुपर-4 राउंड में भिड़ सकती हैं। इसके अलावा भारत-पाकिस्तान के बीच फाइनल संभव है। अगर ऐसा हुआ तो टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच 3 बार मुकाबला देखने को मिल सकता है। हालांकि, अब तक अधिकारिक तौर पर जानकारी सामने नहीं आई है। एशिया कप के शेड्यूल, मेजबान, फॉर्मेट और टीम के बारे में जल्द अधिकारिक जानकारी सामने आ सकती है। लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि एशिया कप 2025 की मेजबानी श्रीलंका के अलावा को मिल सकती है।

कभी कभी के 49 साल पूरे होने पर नीतू कपूर ने पति ऋषि कपूर को याद किया

1976 की बॉलीवुड क्लासिक कभी कभी ने गुरुवार, 27 फरवरी को 49 साल पूरे कर लिए, अभिनेत्री नीतू कपूर ने इस अवसर पर अपने दिवंगत पति, अभिनेता ऋषि कपूर को याद किया। नीतू ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर इस प्रतिष्ठित फिल्म से उन दोनों का एक पुराना पोस्टर साझा किया। एक अन्य क्लिप में, उन्होंने इसके मूल रिकॉर्ड से लोकप्रिय साउंडट्रैक बजाया। यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित, कभी कभी में अमिताभ बच्चन, राखी गुलज़ार, वहीदा रहमान और शशि कपूर भी थे। यह फिल्म, जिसे आज तक की सबसे प्रतिष्ठित रोमांटिक ड्रामा में से एक माना जाता है, में ऋषि ने विक्रम खन्ना और नीतू ने पिंकी कपूर की भूमिका निभाई थी।

कभी कभी एक ऐसी फिल्म है जो पीढ़ियों की प्रेम कहानी के बारे में है और कैसे घटनाओं की एक श्रृंखला पुराने प्रेमियों को दोस्त बनाती है। इस बीच, ऋषि और नीतू ने 22 जनवरी, 1980 को शादी कर ली और उनके दो बच्चे हैं, रिद्धिमा कपूर साहनी और सुपरस्टार रणबीर कपूर। 70 और 80 के दशक में, इस जोड़ी ने अमर अकबर एंथनी, खेल खेल में, रफू चक्कर, कभी कभी, बेशरम जैसी कई हिट फिल्मों में साथ काम किया और अपने ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन रोमांस से कई पीढ़ियों को प्रेरित किया। बॉलीवुड के पहले चॉकलेट बॉय के रूप में मशहूर, ऋषि ने बॉबी, चांदनी, कर्ज़ और कई अन्य जैसी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्मों में प्रतिष्ठित भूमिकाओं के साथ फिल्म उद्योग में स्टारडम की ऊंचाइयों को छुआ।

बड़े भाई को खोकर सदमे में जयाप्रदा

अभिनेत्री और पूर्व राज्यसभा सदस्य जयाप्रदा ने बेहद दुखद समाचार दिया है। एक्ट्रेस ने अपने बड़े भाई को खो दिया है। टॉलीवुड अभिनेता और जया प्रदा के बड़े भाई राजा बाबू की मौत हो गई है। एक्ट्रेस ने खुद अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर भाई के निधन की खबर साझा की है। लंबे समय से साउथ की फिल्मो में सक्रिय रहे राजा बाबू अब इस दुनिया को अलविदा कह चुके हैं। उन्होंने बीते दिन यानी 27 फरवरी को आखिरी सांस ली। हैदराबाद में एक्टर की मौत हुई और वहीं उनका अंतिम संस्कार भी किया जाएगा।

गुरुवार को अभिनेत्री जया प्रदा ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने दिवंगत भाई राजा बाबू की एक तस्वीर साझा की। उन्होंने कैप्शन में एक नोट भी लिखा, जिसमें उन्होंने अपने चाहने वालों को अपने भाई के निधन की जानकारी दी। उन्होंने लिखा,बहुत दुख के साथ मैं आपको अपने बड़े भाई राजा बाबू के निधन की सूचना दे रही हूं, जो आज दोपहर 3:26 बजे (हैदराबाद) दुनिया को अलविदा कह गए हैं। कृपया उन्हें अपनी प्रार्थनाओं में रखें।

एक्टर राजा बाबू नरसापुरपुपेटा के रहने वाले थे और उनका लंबा करियर रहा। उन्होंने साउथ की फिल्मों में चार दशकों तक काम किया। इसमें 64 से ज्यादा फिल्में और कई टेलीविजन सीरीज शामिल थीं। उन्हें धारावाहिक अम्मा में उनके अभिनय के लिए 2005 में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का नंदी पुरस्कार भी मिला। उनके परिवार में उनकी पत्नी और तीन बच्चे हैं। एक्टर इनके साथ ही रहते थे। फिलहाल उनके निधन से लोगों में शोक व्याप्त है। टॉलीवुड इंडस्ट्री में लोग दुख जाहिर कर रहे हैं।

दुःख जता रहे चाहने वाले

जया प्रदा के पोस्ट को देखने के बाद ये रिश्ता क्या कहलाता है फेम एक्ट्रेस अनीता राज ने दुख जाहिर किया है। उन्होंने लिखा, कृपया मेरी हार्दिक संवेदना स्वीकार करें, प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति मिले। ओम शांति। कमेंट बॉक्स में राजा बाबू और जया प्रदा के कई और फैंस भी दुख जाहिर कर रहे हैं। आखिरी बार एक्ट्रेस सारेगामापा में नजर आई थीं। एक्ट्रेस अक्सर अपने भाई के साथ नजर आया करती थीं। वो कई जगहों पर उनके साथ घूमने-फिरने भी जाया करती थीं।



द वेकिंग ऑफ ए नेशन का टीजर जारी

जलियांवाला बाग हत्याकांड का सच आएगा सामने

शो वेकिंग ऑफ ए नेशन का टीजर जारी हो गया है। इस शो में जलियांवाला बाग हत्याकांड से जुड़े कई पहलुओं को दिखाया जाने वाला है। इस शो का निर्देशन नेशनल और इंटरनेशनल एमी नॉमिनेटेड फिल्ममेकर राम माधवानी ने किया है।वेकिंग ऑफ ए नेशन की कहानी जलियांवाला बाग हत्याकांड की पृष्ठभूमि पर आधारित है। शो की कहानी एक कोर्ट रूम और जलियांवाला बाग हत्याकांड के दौरान हुए दंगों और भारत की स्थिति की झलक दिखा रहा है।शो के बारे में बात करते हुए, निर्माता-निर्देशक राम माधवानी ने बताया, मुझे हमेशा से उपनिवेशवाद और नस्लवाद और पूर्वाग्रह के मुद्दों में गहरी दिलचस्पी रही है। सांस्कृतिक, भाषाई, सामाजिक और कलात्मक उपनिवेशीकरण से जुड़े सवाल मुझे लंबे समय से परेशान करते रहे हैं। जब मैं अपने अगले प्रोजेक्ट पर विचार कर रहा था, तो मुझे पता था कि इसे हमारे अतीत, ब्रिटिश राज और हमारे स्वतंत्रता संग्राम में निहित होना चाहिए। तभी द वेकिंग ऑफ ए नेशन का विचार आया।

प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

पूर्व मंत्री कवासी लखमा को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

रायपुर,28फरवरी2025(ए)। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में आरोपी पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली। उनकी अग्रिम जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है। जस्टिस अरविंद वर्मा की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 13 मार्च को तय की है। इस दौरान कोर्ट ने एसीबी और ईओडब्ल्यू (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

नक्सली दंपति सहित 7 हार्डकोर नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा,28 फरवरी 2025(ए)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिले में नक्सलियों के आतंक के बीच बस्तर में लगातार नक्सली संगठन को झटका लग रहा हैं। इसी कड़ी में सुकमा क्षेत्र में पीएलजीए बटालियन नंबर एक में सक्रिय एक नक्सली दंपति सहित 7 हार्डकोर नक्सलियों ने फिर आत्मसमर्पण किया है।

सड़क पर जन्मदिन मनाने और सार्वजनिक यातायात को बाधित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

रायपुर,28 फरवरी 2025(ए)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के मुख्य समिति कक्ष में आज आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में सड़कों पर जन्मदिन मनाने, पंडाल लगाने, भंडारा आयोजित करने की प्रवृतियों को हतोत्साहित करने एवं सार्वजनिक यातायात को बाधित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

छत्तीसगढ़ में एनआईए का बड़ा एक्शन

सीपीआई नेता को किया गिरफ्तार

रायपुर,28 फरवरी 2025(ए)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने छत्तीसगढ़ आतंकी फंडिंग मामले में बड़ी कार्रवाई की है। प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) आतंकी संगठन से जुड़े एक फ्रंटल संगठन के शीर्ष नेता को गिरफ्तार किया है। मूलवासी बचाओ मंच (एमबीएम) के नेता रघु मिडियामी पर आतंकी संगठन के लिए फंड जुटाने का काम करने का आरोप लगा है। जिसके चलते भारत विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाया जा सके।एनआईए ने गुरुवार को रघु मिडियामी को आरसी-02/2023/एनआईए/आरपीआर मामले में हिरासत में लिया। एमबीएम पर छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रतिबंध लगा रखा है।

कांग्रेस नेता हुआ फरार

भ्रष्टाचार में संलिप्त होने का आरोप

दंतेवाड़ा,28 फरवरी 2025(ए)। जिले के कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम पर किरंदुल थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। उनपर से क निर्माण में करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। सरकार के निर्देश पर पीएमजीएसवाई (प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना) विभाग ने उनपर एफआईआर दर्ज करवाई है। वहीं अवधेश गौतम फरार बताए जा रहे हैं। दंतेवाड़ा पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है।

विकास उपाध्याय ने राकेश सिंह बैस को दी जान से मारने की धमकी

रायपुर,28 फरवरी 2025(ए)। पूर्व विधायक रायपुर पश्चिम विधानसभा विकास उपाध्याय के द्वार व्हाट्सअप पर राकेश सिंह बैस को जान से मारने की धमकी भरा मैसेज और व्हाट्सअप कॉल का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत पीड़ित राकेश सिंह बैस ने पुलिस के उच्च अधिकारी समेत छत्तीसगढ़ के डीजीपी अरुण देव गौतम से भी की है।

डिजिटल अरेस्ट में लोगों ने गंवाए 168 करोड़ रुपए

- » चंद्राकर ने पूछा- सायबर क्राइम रोकने की क्या है व्यवस्था...
- » प्रश्नकाल में घिरे गृहमंत्री

रायपुर,28 फरवरी 2025(ए)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन प्रश्नकाल में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने डिजिटल अरेस्ट का मुद्दा उठाया। कौशिक ने पूछा कि,प्रदेश में डिजीटल अरेस्ट के कितने मामले आए हैं, पीड़ितों को कितना पैसा वापस दिला पाए इसकी जानकारी मांगी। साथ ही विधायक अजय चंद्राकर ने सायबर क्राइम को रोकने पर सवाल पूछा।

डिजिटल अरेस्ट के सवाल पर जवाब देते हुए गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, 168 करोड़ रुपए ठगों ने लोगों से ठगे हैं। छत्तीसगढ़ में अब तक डिजिटल अरेस्ट के 12 प्रकरण आए हैं। जिस पर पुलिस ने सभी मामलों पर प्रारंभिक कार्रवाई की है। जिसमें से ठगों से वसूल की गई 5 करोड़ 20 लाख रुपए पीड़ितों को वापस किया गया है। ठगों ने 4 करोड़ 13 लाख की राशि को खातों के माध्यम से होल्ड किया है। ठगी के बाद 1 हजार 795 बैंक खाता अभी भी एक्टिव है। इस दौरान 921 खातों में एक से अधिक बार ट्रांजेक्शन किया गया।

खातों को फ्रिज नहीं करने विधायक ने गृहमंत्री को घेरा

वहीं खातों को फ्रिज नहीं करने पर भाजपा विधायक ने प्रश्न पूछा, जिस पर मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, पहला खाता अनिवार्य तौर पर फ्रिज किया जाता है। लिंक खातों को फ्रिज नहीं किया जाता है सिर्फ राशि को होल्ड किया जाता है। पुलिस ने मामलों में 722 लोगों को आरोपी बनाया है। पुलिस ने 722 में से 347 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रदेश में कितने साइबर थाने खोले गए : अजय चंद्राकर

भाजपा विधायक ने अजय चंद्राकर सायबर क्राइम को रोकने एक्सपर्ट की व्यवस्था पर सवाल पूछा, जिस पर विजय शर्मा ने कहा कि, अभी तक 723 आरोपी ही चिन्हांकित किया गया। इनकी संख्या कहीं ज्यादा है, अन्य की गिरफ्तारी और पाताशाजी की प्रक्रिया जारी है। वहीं अजय चंद्राकर ने पूछा प्रदेश में कितने साइबर थाने खोले गए हैं। इस पर मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, 1 साइबर भवन शुरू किया गया है, जिसके लिए 51 लाख सॉफ्टवेयर विभाग ने खरीदा है।

सायबर क्राइम रोकने कमांडों की ले रहे ट्रेनिंग सायबर क्राइम को रोकने अत्याधुनिक मशीनरी की खरीदी की गई है। प्रदेश के सभी 5 रेंज में सायबर थानों की स्थापना की गई है। सभी 33 जिलों में सायबर सेल खोला गया है। प्रदेश के 6 पुलिस अधिकारी सायबर कमांडों की ट्रेनिंग ले रहे हैं। सायबर एक्सपर्ट की सेवाएं विभाग से ली जा रही है।

सदन के गर्भगृह में नारेबाजी, डा. महंत के साथ 20 सदस्य सस्पेंड

छत्तीसगढ़ विधानसभा में बजट सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की जासूसी का आरोप लगाकर कांग्रेसी विधायक नारेबाजी करते हुए गर्भ गृह तक पहुंच गए। सदन में नारे लगाए गए कि ईडी से डराना बंद करो जिसके बाद स्पीकर ने महंत सहित 20 कांग्रेसी विधायकों को सस्पेंड कर दिया। हालांकि 5 मिनट बाद ये सस्पेंशन खत्म कर दिया गया।

छत्तीसगढ़ में प्रति व्यक्ति आय वृद्धि दर राष्ट्रीय औसत से ज्यादा

छत्तीसगढ़ विधान सभा

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पेश किया आर्थिक सर्वे बोले...कैपिटल इनकम में हो रही बढ़ोत्तरी

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में तीन मार्च को वित्त मंत्री ओपी चौधरी बजट पेश करेंगे। इससे पहले शुक्रवार 28 फरवरी को उन्होंने आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 को विधानसभा के पटल पर रखा। इस दौरान मंत्री ओपी चौधरी ने आर्थिक प्रगति को उत्साहजनक बताया है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय औसत से ज्यादा प्रदेश की जीएसडीपी ग्रोथ होने की बात कही है।

आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 को सदन में पेश करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि, पूरे प्रदेश में उत्साह जनक आर्थिक प्रगति नजर आ रही है। प्रदेश की जीएसडीपी में ग्रोथ राष्ट्रीय औसत से ज्यादा हुआ है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा में हंगामा

विपक्ष ने लगाया ईडी से डराना बंद करो के नारे

शोरगुल के बीच कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित,नेता प्रतिपक्ष सहित 16 विधायक निलंबित

छत्तीसगढ़ विधान सभा

छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के चौथे दिन सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के घर रेकी का आरोप लगाते हुए विपक्षी दलों के विधायकों हंगामा करते हुए नारे बाजी की।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने विपक्षी विधायकों को नारे बाजी बंद कर प्रश्नकाल शुरू करने की अपील की, लेकिन इसका असर विधायकों पर नहीं पड़ा और वे ईडी से डराना बंद करो के नारे लगाने लगे। जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही फिर से शुरू की गई है। 10 मिनट स्थगित होने के बाद सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद भी कांग्रेस विधायकों की नारेबाजी और हंगामा जारी रहा, जिसके बाद रमन सिंह ने कहा कि प्रश्नकाल पक्ष विपक्ष दोनों के लिए महत्वपूर्ण रहता है। आसंदी ने कहा, छत्तीसगढ़ विधानसभा में कभी ऐसी परंपरा नहीं रही कि प्रश्नकाल को बाधित किया जाए। इसके बाद अध्यक्ष ने विधायक लता उसेंडी से प्रश्न करने को कहा, लेकिन कांग्रेस विधायकों की नारेबाजी लगातार जारी रही। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत सहित सभी कांग्रेस विधायक आसंदी के पास पहुंच गए और नारेबाजी करने लगे। जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत सहित 16 कांग्रेस विधायकों को सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया और उन्हें सदन से बाहर जाने के लिए कहा। हालांकि, कुछ देर बाद रमन सिंह ने निलंबित विधायकों का निलंबन खत्म कर दिया।

दो बार शपथ के साथ पूजा विधानी ने बिलासपुर महापौर का पदभार संभाला

नगर पालिक निगम बिलासपुर के नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षद गणों का
शपथ ग्रहण समारोह

- » वीआईपी गेट में नगर निगम में प्रतिपक्ष के नेता रहें राजेश सिंह एवं राकेश तिवारी को पुलिस ने रोक दिया...
- » बिलासपुर के समस्त पार्षद ने भी दस दस की संख्या में शपथ ली...
- » मुख्यमंत्री का आगमन नहीं हुआ शपथ ग्रहण केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल एवं अन्य विधायकों ने दिलाई...

-गोविन्द शर्मा भारत -

बिलासपुर,28 फरवरी 2025(ए)। बिलासपुर नगर निगम चुनाव में भारी मतो से विजयी महापौर पूजा पदमजा (पूजा विधानी)एवं सभी वार्डो के पार्षद ने आज मुंगेली नाका ग्राउंड में शपथ ली, शपथ ग्रहण कराने के लिये मुख्यमंत्री स्वयं कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे लेकिन उनका आगमन केंसिल हो गया उसके बाद केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल एवं अन्य विधायकों ने शपथ दिलाई।

दो बार महापौर की शपथ ली पूजा विधानी ने...

पूजा विधानी को महापौर की शपथ बिलासपुर कलेक्टर अविनीश शरण ने दिलाई शपथ दिलाते समय पूजा विधानी से शपथ पत्र में लिखें शब्दों को गलत पढ़ लिया था इस लिये उन्होने संविधान का सम्मान रखते हुए गलती सुधारते हुए दुबारा शपथ विधि पूर्वक ली उसके पश्चात रजिस्टर में अपने दसतख्त किया।

शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने नगर निगम में पूर्व प्रतिपक्ष के नेता रहें राजेश सिंहएवं राकेश तिवारी भाजपा नेता को व्हीआईपी गेट में अंदर जाने से पुलिस ने रोक दिया परिचय देने के बाद भी पुलिस ने उन्हें जाने नहीं दिया थोड़ा बहस होने के बाद नेतागण सामान्य गेट से कार्यक्रम में शामिल होने दाखिल हुए।

इस बार नीट यूजी से आयुर्वेद और होम्योपैथी में होगा प्रवेश

मई में होगा परीक्षा, इस तारीख तक भर सकेंगे फॉर्म

रायपुर,28फरवरी2025(ए)। प्रदेश के आयुर्वेद व होम्योपैथी कॉलेजों में संचालित यूजी पाठ्यक्रमों में एडमिशन नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) यूजी के माध्यम ही होगा। इसके लिए प्रदेश स्तर पर अन्य कोई प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। इस संबंध में संचालनालय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) की ओर से सूचना जारी की गई है।

पिछ्ले कुछ वर्षो से नीट के माध्यम ही इन कोर्स भी एडमिशन होते हैं। जानकारों का कहना है कि नीट यूजी के माध्यम एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस समेत चिकित्सा से जुड़े अन्य पाठ्यक्रमों में एडमिशन होते हैं। लेकिन बारहवीं देने वाले ज्यादातर छात्रों को इसकी जानकारी नहीं रहती और आमतौर पर वे समझते हैं कि नीट से केवल एमबीबीएस जैसे कोर्स में प्रवेश होता है। संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ की ओर से प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही यह सूचना जारी की जाती है। ताकि छात्रों को यह जानकारी भी मिल सके कि इसके माध्यम आयुर्वेद और होम्योपैथी में भी एडमिशन होगा। नीट यूजी के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू है, 7 मार्च तक फॉर्म भरे जाएंगे। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए की ओर से 4 मई को यह आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ में 7 आयुर्वेद कॉलेज हैं। इनमें दो शासकीय और पांच निजी कॉलेज हैं। शासकीय कॉलेज रायपुर व बिलासपुर में हैं, इनमें बीएएमएस की 75-75 सीटें हैं। प्राइवेट कॉलेजों में दो राजनांदगांव, एक भिलाई, एक दुर्ग और एक रायगढ़ में है।दुर्ग में 60 और अन्य में बीएएमएस की 100-100 सीटें हैं। प्रदेश में एक निजी होम्योपैथी कॉलेज है। यह रायपुर में है। इसमें बीएचएमएस की 50 सीटें हैं। परीक्षा के बाद ही सीट अलॉटमेंट होगा।

मेडिकल पीजी प्रवेश प्रक्रिया निरस्त

हाईकोर्ट ने नए सिरे से काउंसलिंग के दिए निर्देश

बिलासपुर,28 फरवरी 2025(ए)। छत्तीसगढ़ में मेडिकल पीजी प्रवेश प्रक्रिया को निरस्त करते हुए हाईकोर्ट ने नए सिरे से काउंसलिंग कराने के निर्देश दिए हैं। सेवारत श्रेणी में अपात्र उम्मीदवारों को शामिल करने पर डॉ. यशवंत राव और डॉ. पी. राजशेखर ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी।

छात्रा ने मेडिसिन विभाग के एचओडी पर लगाया आरोप

रायपुर,28 फरवरी 2025(ए)। प्रदेश के सबसे पुराने मेडिकल कॉलेज, रायपुर में मेडिकल छात्र छात्राओं से दुर्व्यवहार के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे। कुछ माह पहले रैगिंग के बाद अब एक पीजी छात्रा ने कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के एचओडी के खिलाफ यौन उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना की गंभीर शिकायत दर्ज करवाई है। छात्रा ने आरोप लगाया है कि एचओडी ने शराब पीने का दबाव डाला,अनुचित टिप्पणियां कीं, थीसिस अप्रूवल के बदले निजी संबंधों की मांग की, और शारीरिक संपर्क की कोशिश की। छात्रा ने डीएमई को पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। इस मामले को गंभीरता से लिया जाए और न्याय हो! बीते अक्टूबर नवंबर में कॉलेज में रैगिंग का मामला सामने आया था। एक छात्र को एक माह से लिए सस्पेंड कर दो अन्य के अभिभावकों से लिखित में माफी नामा लिया गया था ।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)